Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 11 अंक: 117
जयपुर, मंगलवार, 01 अक्टूबर 2024
पृष्ठ:8 मूल्य: '1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे
e-mail: sanjeevnitoday@gmail.com

राजस्थान में निवेश के लिए 8 लाख-करोड़ रुपए के एमओयू

# 'इन्वेस्टर मीट' में सीएम बोले- राजस्थान परिवर्तनकारी युग की दहलीज पर

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत सोमवार को देश की राजधानी नई दिल्ली में 'इन्वेस्टर मीट' का आयोजन मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में हुआ। इस 'इन्वेस्टर मीट' के दौरान राजस्थान में निवेश के लिए राज्य सरकार के ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन और विभिन्न कंपनियों के बीच 8 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश संबंधी एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। आज हुए एमओयू के साथ, प्रदेश में निवेश के लिए किए गए एमओयू (ख्रधठप) का कुल मूल्य 12.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। दिल्ली में आयोजित इस 'इन्वेस्टर मीट' में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, मुख्य सचिव सुधांश पंत, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा और राजस्थान सरकार के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि औद्योगिक भूमि के अधिग्रहण और विकास को सरल बनाया गया है और निजी औद्योगिक पार्क योजना और लैंड एग्रीगेशन एंड मॉनेटाइजेशन पॉलिसी जैसी पहल शुरू की जा रही हैं, ताकि कारोबारियों को अपने व्यापार का विस्तार करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके।




## कई बड़ी कंपनियों से एमओयू

इस 'इन्वेस्टर मीट' में उद्योग एवं व्यापार जगत की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुए और इस दौरान अक्षय ऊर्जा, पावर ट्रांसमिशन, तेल और गैस, सीएनजी, लॉजिस्टिक्स, एग्रोटेक जैसे कई क्षेत्रों में निवेश के लिए एमओयू किया गया। प्रदेश में निवेश के लिए जिन प्रमुख कंपनियों और औद्योगिक समूहों ने सरकार के साथ एमओयू किया, उनमें टाटा पावर, इंडियन ऑयल, अवाडा ग्रुप, एनएचपीसी, रिलायंस बायो एनर्जी, टोरेंट पावर, स्टरलाइट पावर ट्रांसमिशन, महिंद्रा सस्टेन प्राइवेट लिमिटेड, टीएचडीसी इंडिया, ऑयल इंडिया, जिंदल रिन्यूएबल पावर, एस्सार रिन्यूएबल्स, इंद्रप्रस्थ गैस, अडानी लॉजिस्टिक्स, जेके सीमेंट, बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज, टीटागढ़ रेल सिस्टम्स जैसी कई बड़ी कंपनियां शामिल हैं। इस दौरान, देशी-विदेशी निवेशकों, उद्योग और व्यापार जगत के दिग्गजों, इनोवेटर्स, स्टार्टअप्स और अन्य संबंधित स्टेकहोल्डर्स को राज्य में निवेश करने और 9-10-11 दिसंबर को जयपुर में आयोजित 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में भाग लेने के लिए भी आमंत्रित किया गया।

## राज्य में उद्योग-धंधे लगाने के लिए निवेशकों और कारोबारियों को किया आमंत्रित

निवेशकों को राजस्थान में निवेश करने के लिए आमंत्रित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- राजस्थान एक परिवर्तनकारी युग की दहलीज पर खड़ा है और विकास और समृद्धि के लिए हमने एक नए दृष्टिकोण को अपनाया है। हम न केवल एक मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव रख रहे हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी भविष्य का निर्माण भी कर रहे हैं। इस परिवर्तन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता निवेश को आकर्षित करने, स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने और हमारे लोगों को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन की गई पहलों से परिलक्षित होती है। हमारी सरकार अगले पांच वर्षों में राजस्थान की अर्थव्यवस्था को 180 बिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुना करते हुए 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर का बनाने के लिए कृतसंकल्प है। प्रदेश में निवेशकों के अनुकूल वातावरण बनाने के बारे में बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का ध्यान व्यवसायों को सुविधाजनक बनाने का है और इसके लिए सरकार अपनी नीतियों में बदलाव ला रही है, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित बनाने में लगी है, अनुपालन का बोझ कम करने में लगी है और सरकारी कामकाज में पारदर्शिता को बढ़ावा देने में लगी है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा, 'राज्य सरकार का ध्यान केवल निवेश संबंधी एमओयू करने पर नहीं है।

बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

# पिछली सुनवाई में कोर्ट ने केंद्र से कहा था- हमारी इजाजत बिना तोड़फोड़ न हो

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। बुलडोजर एक्शन के मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। 18 सितंबर को हुई सुनवाई में कोर्ट ने 1 अक्टूबर यानी आज तक के लिए बुलडोजर एक्शन पर रोक लगा दी थी। अदालत ने कहा था कि अगली सुनवाई तक देश में एक भी बुलडोजर कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि हम स्पष्ट कर दें कि इस ऑर्डर में सड़कों, फुटपाथों, रेलवे लाइंस के अवैध अतिक्रमण नहीं शामिल हैं। केंद्र ने इस ऑर्डर पर सवाल उठाया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं के हाथ इस तरह नहीं बांधे जा सकते हैं। इस पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा- अगर कार्रवाई दो हफ्ते रोक दी तो आसमान नहीं फट पड़ेगा। आप इसे रोक दीजिए, 15 दिन में क्या होगा? कोर्ट धारणाओं से प्रभावित नहीं होता, लेकिन हम साफ कर रहे हैं कि हम किसी भी अवैध अतिक्रमण के बीच नहीं आएंगे, लेकिन अधिकारी जज नहीं बन सकते। 2022 में नोटिस दिए गए और उसके बाद कार्रवाई की गई। इस बीच अपराध हुए। 2024 में कार्रवाई में इतनी जल्दबाजी क्यों हो रही है, नोटिस तो 2022 में जारी किए गए थे। बाहरी शोर से हम



प्रभावित नहीं होते हैं। अभी हम इस पॉइंट पर नहीं जा रहे हैं कि किस समुदाय पर एक्शन लिया जा रहा है। अगर एक भी अवैध बुलडोजर एक्शन है तो यह संविधान के खिलाफ है। धारणाओं से हम प्रभावित नहीं होते हैं। हम साफ कर दे रहे हैं कि हम किसी भी अवैध अतिक्रमण के बीच नहीं आएंगे, लेकिन अधिकारी जज नहीं बन सकते हैं। इस अदालत ने आदेश दिया था, इसके बावजूद कुछ पत्थरबाजी की घटनाएं हुईं और उसी रात घर गिरा दिए गए। यह रोज हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बुलडोजर एक्शन कानूनों पर बुलडोजर सुप्रीम कोर्ट ने 12 सितंबर को भी कहा था कि बुलडोजर एक्शन देश के कानूनों पर बुलडोजर चलाने जैसा है। मामला जस्टिस ऋषिकेश रॉय, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच में था।

कोलकाता रेप-मर्डर केस, बंगाल सरकार बोली-डॉक्टर्स काम नहीं कर रहे

# सुप्रीम कोर्ट में डॉक्टर्स ने जवाब दिया- सभी इमरजेंसी और जरूरी सेवाएं चल रही हैं

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में रेप-मर्डर की विक्टिम ट्रेनी डॉक्टर के लिए न्याय की मांग करते हुए जूनियर डॉक्टर्स ने रविवार को टॉर्च रैली निकाली। कोलकाता में 8-9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। बंगाल सरकार ने कहा कि रेजिडेंट डॉक्टर्स इन पेशेंट डिपार्टमेंट और आउट पेशेंट डिपार्टमेंट में काम नहीं कर रहे हैं। इसके जवाब में डॉक्टर्स के वकील ने कहा कि सभी इमरजेंसी और जरूरी सेवाओं में डॉक्टर काम कर रहे हैं। सुनवाई की शुरुआत में पीड़ित के वकील ने कहा कि सोशल मीडिया पर पीड़ित की तस्वीरें और नाम उजागर करने वाले पोस्ट अब तक मौजूद हैं। इसे लेकर एख्कडीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हमने पिछली सुनवाई में कहा था कि कोई भी पीड़ित का नाम और फोटो नहीं प्रकाशित कर सकता है। अब यह कानूनी संस्थाओं का काम है कि वे इस ऑर्डर को लागू करवाएं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार के उस आदेश पर भी नाराजगी जाहिर की, जिसमें सरकार ने कहा था कि महिला डॉक्टर्स को नाइट ड्यूटी में न लगाया जाए। मौजूदा केस में डॉक्टर्स की सेफ्टी को देखते हुए यह फैसला लिया गया था। मामले की अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को होगी। इस दिन




सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को नेशनल टास्क फोर्स की जांच पर रिपोर्ट पेश करनी होगी। पीड़ित के वकील- क्या केंद्र कोई अफसर या ई-मेल आईडी उपलब्ध करा सकता है, जो कानून ऐसी पोस्ट को हटाए। जिस तरह की तस्वीरें पोस्ट की जा रही हैं, वो चौंकाने वाली हैं। डॉक्टर्स की ओर से वकील- हिंदी गानों पर रील्स बनाई जा रही हैं। सीजेआई- पश्चिम बंगाल सरकार सभी मीडिया पोस्ट करने वालों से संपर्क करे। सॉलिसिटर जनरल- हम इसके लिए एक नंबर मुहैया कराएंगे। पीड़ित का परिवार- एक यूट्यूब मूवी है, जो कल रिलीज होने जा रही है। बताया जा रहा है कि यह पीड़िता की कहानी पर आधारित है। सीजेआई - अगर आप फिल्म को रोकना चाहते हैं।

## पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल को पद से हटा दिया

डॉक्टरों की मांग पर बंगाल सरकार ने कोलकाता के पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल को पद से हटा दिया था। उनकी जगह मनोज वर्मा ने पद संभाला। स्वास्थ्य विभाग के भी 4 और अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है। इसके अलावा 5 और पुलिस अधिकारियों के पद भी बदले गए। 19 सितंबर को डॉक्टरों ने हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया था। जूनियर डॉक्टरों ने कहा कि हमारी मांग पर कोलकाता पुलिस कमिश्नर, मेडिकल एजुकेशन के डायरेक्टर और हेल्थ सर्विसेज के डायरेक्टर को हटाया गया।

मानसून में 15 दिन बचे, इस बार 8% ज्यादा बारिश

# राजस्थान सबसे ज्यादा भीगा, पंजाब सबसे सूखा, एक महीने में सर्दी की दस्तक

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। इस बार मानसून एक जून से पहले आ गया था और उसकी आखिरी विदाई अक्टूबर के दूसरे या तीसरे हफ्ते तक हो सकती है। मगर, मौसम विभाग 1 जून से 30 सितंबर तक होने वाली बारिश को ही 'मानसूनी बारिश' मानता है। इस हिसाब से देखें तो मानसूनी बारिश का सीजन खत्म हो गया है। इस बार देशभर में मानसून के दौरान सामान्य से 8% ज्यादा बारिश हुई है। 13 बड़े राज्यों में देखें तो इस बार मानसून में राजस्थान में सर्वाधिक (सामान्य से 56% ज्यादा) व पंजाब में सबसे कम (सामान्य से 28% कम) बारिश हुई। जून में मानसून की दस्तक के समय मौसम विभाग का अनुमान था कि अगस्त तक ला-नीना परिस्थितियां विकसित होंगी और मानसून के आखिरी दो महीनों में जमकर बारिश होगी। मगर ला-नीना नहीं बनने के बावजूद इस बार मानसून मौसम विभाग के अनुमान 106% से भी 2% ज्यादा पर खत्म हुआ। इस बार मानसून में ज्यादा बारिश की वजह क्या रही आईएमडी के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र ने कहा- 'इस बार मानसून के दौरान सक्रिय मैडेन जुलियन ओसिलेशन (एमजेओ) की फ्रीक्वेंसी ने मानसून को बेहतर बनाने में मदद की।'



## मप्र में 18% ज्यादा मानसूनी बारिश, बिहार में 19% कम

यूपी में 5 साल का रिकॉर्ड टूटा देश में 1 जून से 30 सितंबर के दौरान सामान्य रूप से 868.6 मिमी बारिश होनी चाहिए, लेकिन इस बार 934.8 मिमी हुई है यानी 7.8% ज्यादा। जबकि जून में बारिश की 11% कमी थी लेकिन उसके बाद लगातार ज्यादा बारिश होती रही। जुलाई में 9%, अगस्त में 15.3% और सितंबर में 11.6% बारिश हुई। उत्तर पश्चिम के इलाके जिसमें राजस्थान व दिल्ली शामिल हैं, वहां जून और जुलाई में 32.6% और 14.6% की कमी थी लेकिन बाकी के दो महीने अगस्त व सितंबर में 30.1% और 29.2% ज्यादा बारिश हुई। उत्तर प्रदेश में लगातार बारिश की कमी बनी रही लेकिन आखिरी दो हफ्तों में हुई बारिश के चलते उसका कोटा पूरा हो गया। मध्य भारत अकेला क्षेत्र रहा, जहां जून में बाकी सभी महीनों से भारी बारिश हुई। जुलाई में 33%, अगस्त में 16.5% और सितंबर में 32.3% बारिश हुई। एमजेओ हिंद महासागर की ओर से आने वाला धरती की परिक्रमा करते बादलों का एक जखीरा है, जो इस बार उत्तर की ओर से गुजरा, जिसका फायदा मिला। नवंबर के तीसरे हफ्ते से दस्तक देने लगेगी सर्दी मानसून के देशभर से विदा होने की सामान्य तिथि 15 अक्टूबर है। अब अगले एक से डेढ़ महीने दिन व रात के तापमान में अंतर और बढ़ जाएगाा।

# भर्ती परीक्षा में अब नहीं काटी जाएगी शर्ट की आस्तीन

■ संजीवनी टुडे

## कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष ने कहा- आदेश जारी कर रहे, सादा बटन लगा होना जरूरी

जयपुर। राजस्थान में अब सरकारी नौकरी के लिए भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। पुरुष और महिला अभ्यर्थियों की पूरी आस्तीन की शर्ट को काटकर आधी आस्तीन का नहीं किया जाएगा। कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष के आलोक राज ने खुद सोशल मीडिया पर इसका जिक्र किया है। आलोक राज ने सोशल मीडिया पर लिखा- अब आपके शर्ट की बाजू (आस्तीन) नहीं काटी जाए, ऐसा आदेश जारी कर रहे हैं। नोटिफिकेशन शीघ्र ही जारी होगा। पूरी बाजू की शर्ट चलेगी, लेकिन सादा बटन वाली। दरअसल, एग्जाम के समय अक्सर अभ्यर्थियों के फुल आस्तीन की शर्ट को सुरक्षा गार्ड या एग्जाम करवाने वाले स्टाफ कैंची से काटकर आधी आस्तीन की कर देते हैं। इससे न केवल अभ्यर्थियों को शर्मिन्दा होना पड़ता है, बल्कि अभ्यर्थियों को आर्थिक नुकसान भी होता है। एग्जाम देने के बाद घर जाते समय खराब शर्ट को पहनकर जाना पुरूष और महिला अभ्यर्थियों दोनों के लिए शर्मिन्दगी भरा होता है। इसे देखते हुए बोर्ड ने अब पूरी आस्तीन की शर्ट के लिए नया नियम लागू किया है। इसके तहत पूरी आस्तीन वाली शर्ट में सादा बटन होगा तो उस अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी। उदयपुर में एक अभ्यर्थी पूरी आस्तीन की शर्ट पहनकर आया तो उसे सेंटर में प्रवेश नहीं मिला। इस पर उसने कैंची से काटकर शर्ट को आधी आस्तीन का कर दिया था। 27 सितंबर को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) ग्रेजुएशन लेवल की परीक्षा हुई थी। दूसरी पारी के पेपर में जयपुर में एक स्टूडेंट की जनेऊ उतरवा दी गई। दूसरे दिन पीड़ित अभ्यर्थी ने कलेक्टर के नाम लेटर लिखकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस विवाद के बाद विप्र फाउंडेशन ने भी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। विप्र फाउंडेशन राजस्थान के प्यारेलाल शर्मा ने कहा- राजस्थान में ब्राह्मणों के साथ हुए व्यवहार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जम्मू-कश्मीर की 40 सीटों पर वोटिंग आज

# आखिरी फ़ेज में 415 कैंडिडेट्स, आतंकी अफजल गुरू और इंजीनियर राशिद के भाई मैदान में

■ संजीवनी टुडे

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के आखिरी और तीसरे चरण में मंगलवार (1 अक्टूबर) को 7 जिलों की 40 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी। इसमें 39.18 लाख वोटर्स शामिल होंगे। तीसरे फ़ेज की 40 सीटों में से 24 जम्मू डिवीजन और 16 कश्मीर घाटी की हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, आखिरी फ़ेज 415 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। इनमें 387 पुरुष और 28 महिला उम्मीदवार हैं। थर्ड फ़ेज में 169 कैंडिडेट्स करोड़पति और 67 उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। जम्मू के नगरोटा से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह राणा की सबसे ज्यादा 126 करोड़ संपत्ति है। इस फ़ेज में संसद हमले का मास्टरमाइंड अफजल गुरु के बड़े भाई एजाज अहमद गुरु भी चुनावी मैदान में है। एजाज गुरु सोपोर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी हैं। नॉर्थ कश्मीर की लंगेट सीट से इंजीनियर राशिद के भाई खुर्शीद अहमद शेख चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं पूर्व उप मुख्यमंत्री मुजफ्फर हुसैन बेग बारामूला से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। 18 सितंबर को पहले फ़ेज की 24 विधानसभा सीटों वोटिंग हुई। इस दौरान 61.38% वोटिंग हुई।

## जम्मू जिले की सबसे ज्यादा 11 सीटों पर वोट

वहीं 25 सितंबर को 6 जिलों की 26 विधानसभा सीटों 57.31% मतदान हुआ। जम्मू की सबसे ज्यादा 11 सीटों पर वोटिंग, पीडीपी के 33 प्रत्याशी मैदान में तीसरे फ़ेज में जम्मू जिले की सबसे ज्यादा 11 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। वहीं बारामूला की 7, कुपवाड़ा और कठुआ की 6-6, उधमपुर की 4, बांदीपोरा और सांबा की 3-3 सीटों पर वोटिंग होगी। बारामूला सीट पर सबसे ज्यादा 25 कैंडिडेट्स चुनावी मैदान में हैं। वहीं जम्मू की अखनूर में 3 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। आखिरी फ़ेज में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी 33 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। गठबंधन में चुनाव लड़ रहे नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 18 जबकि कांग्रेस 24 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। भाजपा के 29 कैंडिडेट्स हैं। वहीं 155 निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान में हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के 90% कैंडिडेट्स करोड़पति, 6 कैंडिडेट्स की संपत्ति शून्य एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (इक्ट) ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के फ़ेज 3 के 415 उम्मीदवारों के हलफनामे के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की। रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे फ़ेज के 415 कैंडिडेट की एवरेज संपत्ति 2.76 करोड़ रुपए हैं। 415 में से 41% यानी 169 कैंडिडेट्स करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। भाजपा के 29 में से 22 कैंडिडेट्स करोड़पति हैं। पार्टी के प्रत्याशियों की एवरेज संपत्ति 10.57 करोड़ रुपए है। वहीं कांग्रेस के 24 में से 19 प्रत्याशी की संपत्ति एक करोड़ या उससे ज्यादा है। भाजपा के जम्मू के नगरोटा सीट से प्रत्याशी देवेंद्र सिंह राणा की सबसे ज्यादा 126 करोड़ और सोपोर से निर्दलीय प्रत्याशी मंजूर अहमद कालू की सबसे कम 6,000 रुपए संपत्ति है। वहीं 6 कैंडिडेट्स ने अपनी संपत्ति शून्य घोषित की है।



हिमाचल में 56 साल बाद मिले 4 जवानों के शव

# 1968 में आईएएफ विमान क्रैश हुआ था, 100 लोग सवार थे, 6200 मी ऊंचाई पर मलबा

■ संजीवनी टुडे

रोहतांग। हिमाचल प्रदेश के रोहतांग दर्रे पर 56 साल बाद चार भारतीय जवानों के शवों के अवशेष मिले हैं। भारतीय सेना के डोगरा स्काउट्स और तिरंगा माउंटेन रेस्क्यू की एक जॉइंट टीम ने शव बरामद किए। दरअसल 1968 में इंडियन एयर फोर्स का इग-12 विमान इसी इलाके में क्रैश हो गया था। 102 जवानों को ले जा रहा यह ट्विन इंजन एएन-12 टर्बोप्रॉप ट्रांसपोर्ट विमान 7 फरवरी, 1968 को चंडीगढ़ से लेह जाते समय लापता हो गया था। विमान खराब मौसम में फंस गया और हिमाचल प्रदेश के रोहतांग दर्रे के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 2019 तक पांच शव बरामद किए गए थे 2003 में ही अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान के पर्वतारोहियों ने मलबे की खोज की थी, जिसके बाद भारतीय सेना, खासकर डोगरा स्काउट्स ने सालों तक कई सर्च ऑपरेशन चलाए। डोगरा स्काउट्स ने 2005, 2006, 2013 और 2019 में शवों की छानबीन जारी रखी। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना स्थल की कठोर परिस्थितियों और चुनौतीपूर्ण भूभाग के कारण 2019 तक केवल पांच शव बरामद किए गए थे। अब किसके शव बरामद किए गए हैं अधिकारियों के अनुसार, तीन पीड़ितों के अवशेषों की पहचान मलखान सिंह, सिपाही नारायण सिंह और क्रॉफ्टमैन थॉमस चरण के रूप में की गई है। चौथे शव की पहचान अभी नहीं हो पाई है। थॉमस चरण केरल के पथानामथिट्टा जिले के एलंथूर के रहने वाले थे। उसके परिजनों, उसकी मां एलीमा को बरामदगी के बारे में सूचित कर दिया गया है। मलखान सिंह की पहचान आधिकारिक रिकॉर्ड से प्राप्त दस्तावेजों की मदद से की गई, जबकि सिपाही सिंह, जो सेना के मेडिकल कोर में काम करते थे। अधिकारियों ने बताया कि सिंह उत्तराखंड के गढ़वाल में चमोली तहसील के कोलपाडी गांव के रहने वाले थे।

सोनम वांगचुक समेत 120 लोग हिरासत में

# लद्दाख के पूर्ण राज्य के दर्जे की मांग, दिल्ली में एंट्री से रोका, राहुल बोले- मोदी जी आपका घमंड टूटेगा

■ संजीवनी टुडे

जम्मू। लद्दाख से करीब 700 किमी की पदयात्रा करके दिल्ली पहुंचे क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक समेत 120 लोगों को हिरासत में लिया गया है। ये लोग लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्ज़ा देने और केंद्र शासित प्रदेश को छठी अनुसूची का दर्ज़ा देने की मांग कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के अनुसार, हिरासत में लिए गए सभी लोगों को अलीपुर और शहर की सीमा पर स्थित अन्य पुलिस थानों में ले जाया गया है। वांगचुक और अन्य लोग बॉर्डर पर रात बिताना चाहते थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में 5 अक्टूबर तक धारा 163 (जो पहले सीआरपीसी की धारा 144 थी) लागू है। ऐसे में मार्च कर रहे सभी लोगों को वापस जाने के लिए कहा गया, लेकिन जब वे नहीं रुके, तो बॉर्डर पर पहले से तैनात पुलिसकर्मियों ने 120 लोगों को हिरासत में ले लिया। लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा, शांतिपूर्वक मार्च कर रहे सोनम वांगचुक जी और सैकड़ों लद्दाखियों को हिरासत में लेना पूरी तरह से गलत है। मोदी जी, किसानों की तरह यह चक्रव्यूह भी टूटेगा और आपका अहंकार भी टूटेगा।

## मार्च में सोनम वांगचुक ने 21 दिन की भूख हड़ताल की थी

सोनम वांगचुक लद्दाख को पूर्ण राज्य बनाने, स्थानीय लोगों के लिए नौकरी में आरक्षण, लेह और कारगिल के लिए एक-एक संसदीय सीट और संविधान की छठी अनुसूची लागू करने की मांग को लेकर काफी समय से प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी साल मार्च में सोनम ने 21 दिन की भूख हड़ताल की थी। भूख हड़ताल खत्म करने के बाद सोनम वांगचुक ने कहा था- ये आंदोलन का अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। अपनी मांगों को लेकर हमें जब तक आंदोलन करना पड़े, हम करेंगे। आर्टिकल 370 हटने के बाद शुरू हुआ आंदोलन केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाकर पूर्ण राज्य का दर्ज़ा खत्म कर दिया था। इसके बाद जम्मू-कश्मीर एक अलग केंद्र शासित प्रदेश बना। लेह और कारगिल को मिलाकर लद्दाख अलग केंद्र शासित प्रदेश बना था। इसके बाद लेह और कारगिल के लोग खुद को राजनीतिक तौर पर बेदखल महसूस करने लगे। उन्होंने केंद्र के खिलाफ आवाज उठाई। बीते दो साल में लोगों ने कई बार विरोध-प्रदर्शन कर पूर्ण राज्य का दर्ज़ा और संवैधानिक सुरक्षा मांगते रहे हैं, जिससे उनकी जमीन, नौकरियां और अलग पहचान बनी रही, जो आर्टिकल 370 के तहत उन्हें मिलता था। केंद्र ने मांगें मानने से इनकार किया था इस साल की शुरुआत में बौद्ध बहुल लेह और मुस्लिम बहुल कारगिल के नेताओं ने लेह स्थित एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक एलायंस के बैनर तले हाथ मिलाया।



## खबरें फटाफट

### अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री करेंगे वृद्धजनों को सम्मानित

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय समारोह आज भगवंत सिंह मेहता ऑडिटोरियम, ओटीएस जयपुर में प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। समारोह में सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत मुख्य अतिथि होंगे। राज्यस्तरीय समारोह में वृद्ध कल्याण, सांस्कृतिक, कला, सामाजिक एवं साहित्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले वृद्धजनों व वृद्ध कल्याण के क्षेत्र में कार्य करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं को अविनाश गहलोत द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

### फागी थानाधिकारी मनोज बेरवाल की बड़ी कार्रवाई

■ संजीवनी टुडे



फागी। थानाधिकारी मनोज बेरवाल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया हैं। मिली जानकारी के अनुसार सवाईमाधोपुर निवासी बिरजू बावरी उप जिला अस्पताल में मौका पाकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा था। जिसकी सूचना थानाधिकारी मनोज बेरवाल को मिली। जिसके बाद थानाधिकारी ने योजना बनाकर आरोपी बिरजू बावरी को गिरफ्तार किया। दरअसल आरोपी शातिर तरीके से जेब तराशी की वारदात को अंजाम दे रहा था। फिलहाल आरोपी पुलिस पुलिस गिरफ्त में हैं और आरोपी से पूछताछ की जा रही हैं।

### कल्पना मीना का हुआ नवोदय विद्यालय में चयन

■ संजीवनी टुडे



राजगढ़(अलवर)। कस्बे के समीपवर्ती सुरेर गांव के टी आर पब्लिक स्कूल की छात्रा कल्पना मीना पुत्री राकेश कुमार मीना का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय की अंतिम प्रतिक्षा सूची में हुआ। विद्यालय की संस्थाप्रधान पूजा राजपूत ने बताया कि विद्यालय में हर वर्ष जवाहर नवोदय विद्यालय व सैनिक विद्यालय में बच्चों का चयन होता है। विद्यालय प्रबंधन ने कल्पना मीना के चयन होने पर छात्रा को बधाई दी।

### मालाखेड़ा ब्लॉक में नशा मुक्ति रैली का हुआ आयोजन



■ संजीवनी टुडे

मालाखेड़ा । हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाईड राजस्थान राज्य जिला मुख्यालयअलवर के तत्वाधान में वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत मालाखेड़ा ब्लॉक में नशा मुक्त रैली का आयोजन किया गया। कृष्ण अवतार शर्मा ने मीडिया को बताया कि जिसमें जिला प्रभारी सौरभ वर्मा के आदेश अनुसार जिला रोवर लीडर कुलदीप सिंह अवाना व विजय सिंह बैरवा के नेतृत्व में रैली का आयोजन किया गया । विद्यालय संस्था प्रधान सीमा मीणा व जिला उपाध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

### बाबा गौशाला अध्यक्ष ने महापौर कुसुम यादव को शुभकामनायें दी



■ संजीवनी टुडे

कानोता। जयपुर नगर निगम हेरिटेज की कार्यवाहक महापौर बनने पर कुसुम यादव को सर्व समाज व पार्टी के लोगों ने बधाई दी। नगर निगम हेरिटेज की महापौर मुनेश गुर्जर के निलंबन के बाद कार्यवाहक मेयर की घोषणा की गई थी जिसमे 60 दिनों के लिए कुसुम यादव को कार्यवाहक महापौर बनाया गया। सोमवार को जयपुर स्थित तारकेश्वर महादेव मन्दिर मे भोलेनाथ का आशीर्वाद लेने पहुंची मुनेश यादव का बाबा गौशाला अध्यक्ष शंकर यादव ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और शुभकामनाएँ दी।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचायत राज प्रकोष्ठ राजस्थान प्रदेश की बैठक आयोजित

## देश विरोधी ताकतों को समाप्त करने के लिए भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करना होगा

■ संजीवनी टुडे



जयपुर। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश कार्यालय में पंचायत राज प्रकोष्ठ की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश विरोधी ताकतों को समाप्त करने के लिए भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करना होगा। इसके सदस्य अभियान से अधिक से अधिक जन सामान्य को जोड़कर मजबूत करना होगा। इस अभियान में पंचायत राज प्रकोष्ठ की भूमिका महत्वपूर्ण है क्योंकि यह समाज के अंतिम छोर तक पहुंच का सुगम माध्यम है। बैठक को संबोधित करते हुए पंचायत राज केबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने कार्यक्रताओं से आग्रह किया कि सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन सामान्य तक लेकर जाएं और लोगों को लाभ पहुंचा कर पार्टी से जोड़कर राष्ट्र को मजबूत करने में प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता अपनी भूमिका निभाएं। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सदस्य अभियान सहसंयोजक मोती लाल मीणा ने सदस्यता अभियान के लिए पदाधिकारीयों को प्रवास करने एवं निर्धारित लक्ष्य पुर्ण करने का आवाहन किया। प्रदेश संयोजक रघुवीर सिंह चौधरी ने बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों का संगठनात्मक कार्य विभाजन करते हुए जिला प्रभारियों एवं जिला संयोजको को सदस्यता लक्ष्य निर्धारित करते हुए पुरा करने का निर्देश दिया। प्रदेश मिडिया प्रभारी हनुमान परिड़वाल ने बताया प्रदेश भारतीय जनता पार्टी भुपेंद्र सैनी, प्रकोष्ठ के सहसंयोजक गोविंद प्रभारी, राजेन्द्र मीणा, पायल परसरामपुरिया, उदय सिंह, भावना सैनी, मनिष व्यास, माधव चौधरी सहित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला संयोजक उपस्थित रहे।

## नीता अंबानी ने ओलंपिक और पैरालंपिक एथलीटों का किया सम्मान



■ संजीवनी टुडे

मुंबई। रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की सदस्य नीता अंबानी ने रविवार शाम को ओलंपिक और पैरालंपिक खिलाड़ियों का सम्मान किया। इस खास अवसर पर लगभग 140 एथलीट, जो ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में हिस्सा ले चुके हैं, नीता अंबानी के निमंत्रण पर मुंबई स्थित उनके आवास 'एंटीलिया' में एकत्र हुए। इस आयोजन को 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' नाम दिया गया, जिसमें कई नामचीन कोच और खेल जगत से जुड़ी हस्तियां भी शामिल हुईं। यह पहली बार था जब देश के ओलंपियन और पैरालिंपियन एक ही मंच पर साथ आए। समारोह में बोलते हुए नीता अंबानी ने कहा, ''आज की शाम हमारे लिए बेहद खास है। पहली बार हमारे ओलंपिक और पैरालंपिक खिलाड़ी एक साथ एक मंच पर आए हैं। हमें उन पर गर्व है, और आज का यह आयोजन उनके प्रति हमारे सम्मान और प्रेम को दर्शाने का अवसर है।

## सिंगर केपी सक्सेना समेत अनेक कलाकारों ने सुनाए बॉलीवुड हिट सॉन्ग्स

■ संजीवनी टुडे

### बॉलीवुड गीतों की शाम इमोशन्स में छाए सदाबहार नगमे



जयपुर। पेट व आंत के कैंसर के बारे में जन चेतना जाग्रत करने के मकसद से स्वर सुधा म्यूजिक एकेडमी और एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट की ओर से मानसरोवर स्थित ऑडिटोरियम में बॉलीवुड गीतों की सुरीली शाम इमोशंस संजोई गई। कार्यक्रम में शहर के करीब 24 से अधिक कलाकारों ने एकल व युगल प्रस्तुतियों में एवरग्रीन बॉलीवुड सॉन्ग्स सुनाए। इस मौके पर बड़ी तादाद में मौजूद श्रोताओं ने हर जोनर के गीतों का खूब लुत्फ लिया। कार्यक्रम की शुरुआत नामी वूमेन एन्टरप्रेन्योर शिखा जैन के दीप-प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम में शहर के सुरीले सिंगर पूर्व जज केपी सक्सेना ने मो.रफी के मशहूर गीत यही है तमन्ना...को अपनी पुरकशिश आवाज में पेश कर माहौल में बॉलीवुड म्यूजिक की मेलॉडी घोल दी। इसके बाद उन्होंने स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के गाए गीत रहे न रहे हम महका करेंगे....को कई महिला सिंगर के साथ गाया तो समूचे सभागार का कोना-कोना झंकृत हो उठा। कार्यक्रम में निकिता बंसल ने कैसी पहेली जिन्दगानी..., डॉ. अतुल पुरोहित ने जिन्दगी के सफर में..., डॉ. कांता धवन और विशाल ने लुक्काछुप्पी..., वीनू मित्तल ने घर मोरे परदेसिया..., तौसिफ ने सादगी तो हमारी..., प्रेम भारती ने दिल की नजर से...जैसे गीतों को सुर, लय और ताल में गाकर कार्यक्रम में रौनक भर दी। इसी प्रकार संजीव जैन, अरुणा जैन, अजॉय काला, संजय शर्मा,संजीव जैन, नीलम, गौरव, अनिता सिंह, प्रकेत सराफ, डॉ.वंदना खन्ना, राजेन्द्र जड़ेजा आदि ने गीत पेश किए। संचालन राम गुलाटी ने किया।

## भारत अनुसंधान यात्रा- 2024 पहुंची सीयूजी, शोध को बढ़ावा देने के उद्देश्यों पर हुई चर्चा



■ संजीवनी टुडे

गांधीनगर। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), शिक्षा मंत्रालय, स्प्रिंगर नेचर के साथ मिलकर 19 सितंबर से 17 अक्टूबर 2024 तक भारत अनुसंधान यात्रा- 2024 का आयोजन कर रहा है। शनिवार को अनुसंधान यात्रा-2024 गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय पहुंची। यात्रा का उद्देश्य भारतीय अनुसंधान के बारे में जागरूकता पैदा कर रिसर्च इको सिस्टम को मजबूत करना है। विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्प्रिंगर नेचर इंडिया के प्रबंध निदेशक वेंकटेश सर्वसिद्धि ने अवलोकन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण एवं शोध यात्रा की बस को हरी झंडी दिखाकर हुई। प्रो. भावना पाठक ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। इस दौरान काउंसिल सदस्य प्रो. किरण कुमार के. सलागमे, स्प्रिंगर नेचर की इंडेक्सिंग प्रमुख, सोनल शुक्ला, प्रबंधक आउटरीच रिया डादरा और एम. रंगनाथन ने विभिन्न शोध प्रकाशनों, रिसर्च इंटीग्रिटी, ओपन एक्सेस और ट्रांसफॉर्मेटिव एग्रीमेंट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्प्रिंगर नेचर का उद्देश्य भारत से अनुसंधान के परिणामों को बढ़ावा देना और शोधकर्ताओं के साथ ही शैक्षणिक संस्थानों के साथ बेहतर संबंध स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि भारत शोध यात्रा-2024 प्रभावशाली अनुंसधान को आगे बढ़ाने में सहयोग करेगी।

## कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी दोनों ही आरक्षण विरोधी: भजन लाल रोलन

■ संजीवनी टुडे




अलवर । भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर अनुसूचित जाति मोर्चे द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष भजनलाल रोलन ने संबोधित किया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए भजनलाल रोलन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी दोनों की ही सोच दलित व आरक्षण विरोधी कांग्रेस पार्टी ने सदैव अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। राहुल गांधी के अमेरिका यात्रा के दौरान आरक्षण के विरोध में दिया गया बयान उनकी एवं कांग्रेस पार्टी की सोच को दर्शाता है। स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी को दलित व शोषित वर्ग से किसी प्रकार का कोई सरोकार नहीं है अपितु इसे चुनाव के समय वोट के रूप में इस्तेमाल करती है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने संपूर्ण देश में भाजपा द्वारा संविधान खतरे में है यह भ्रम फैलाया जबकि वास्तविकता इससे बिलकुल विपरीत है। कांग्रेस पार्टी में राहुल गांधी ही नहीं बल्कि इसे पूर्व के कांग्रेसी नेता भी आरक्षण के विरोधी रहे हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने जहां पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर कमेटी द्वारा पेश रिपोर्ट को खारिज किया। वहीं राजीव गांधी ने एससी आरक्षण पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह बुद्धूओं को बढ़ावा देने जैसी बात है। इंदिरा गांधी ने तो आपातकाल लगाकर संविधान की आत्मा को ही कुचल दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शपथ लेने से पूर्व संविधान को नमन किया यह संविधान के प्रति उनकी आस्था को प्रकट करता है। भारतीय जनता पार्टी के लिए संविधान सर्वोपरि एवं आस्था का विषय है जबकि कांग्रेस के लिए यह वोट बैंक की राजनीति है। प्रेस वार्ता में पूर्व विधायक जयराम जाटव, जिला संगठन प्रभारी रोशन लाल सैनी, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, सह प्रभारी उम्मेद सिंह चौहान उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मिडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित: पीडब्ल्यूडी एवं पीएचडी अधिकारियों को संयुक्त बैठक कर समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश

■ संजीवनी टुडे



डूंगरपुर। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने पीडब्लयूडी एवं पीएचईडी अधिकारियों को संयुक्त बैठक कर आ रही समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर के डीओआईटी सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्यों, सीवरेज, पेयजल पाइप लाइन आदि कार्यों की वजह से पाइपलाइन टूटने, सड़कों पर गड्डे होने तथा उसके कारण आम जन को होने वाली समस्याओं का प्रभावी ढंग से निस्तारण करने के लिए दोनों विभाग के अधिकारी संयुक्त बैठक करें तथा समन्वय के साथ शीघ्र निस्तारण करें।

बैठक में उन्होंने पेयजल वितरण की समीक्षा करते हुए प्रोजेक्ट के माध्यम से 2 एमएलटी सप्लाई की बात कहीं। एवीएनएल अधीक्षण अभियंता से विद्युत आपूर्ति आदि की जानकारी लेते हुए रीको इंडस्ट्रियल एरिया में बैठक आयोजित करने, पूर्व में की गई जनसुनवाई के फॉलोअप करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए ब्लॉक एवं पीईईओ स्तर तक बैठक आयोजित करने, निरीक्षण करने एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि उप चुनाव के दौरान पूरे जिले में आचार संहिता लागू रहेगी ऐसी स्थिति में सभी राजकीय कर्मचारी आचार संहिता का पूर्ण रूप से पालन करें। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान संयुक्त निदेशक ने बताया कि जिले में वैक्सीनेशन किया जा रहा है तथा 4 अक्टूबर से भेड़ एवं बकरियां में भी वैक्सीनेशन अभियान शुरू किया जाएगा। जिला कलक्टर ने वैक्सीनेशन अभियान में तेजी लाने तथा मोबाइल वैन का प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग की समीक्षा करते हुए पैच वर्क कार्य शुरू करने तथा उसकी जिओ टेगिंग करने, उप चुनाव की तैयारी करते हुए स्ट्रांग रूम, काउंटिंग रूम सहित पूर्ण योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उद्योग एवं रोजगार विभाग की समीक्षा के दौरान 4 अक्टूबर को प्रस्तावित समिट की अब तक की गई तैयारियों की जानकारी ली। आईसीडीएस की समीक्षा के दौरान आशान्वित ब्लॉक झौंथरी में विभाग की प्रगति की जानकारी ली।

श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के निस्तारण करने, कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान क्रॉप कटिंग रिपोर्ट, सामाजिक न्याय एवं अधिकारीता विभाग की समीक्षा के दौरान समाज सुरक्षा सप्ताह के दौरान की जाने वाली गतिविधियों की तैयारियों, पेंशनर वेरीफिकेशन आदि की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने सभी विभागों को अपने स्तर तथा अधीनस्थ स्तर पर सम्पर्क पोर्टल पर आने वाले प्रकरणों को प्रतिदिन मॉनिटरिंग करते हुए पेंडेंसी नहीं रखने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड़ सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### अनाथ पीड़ित परिवार का सहारा बना सोशल मीडिया



■ संजीवनी टुडे

बसवा । तहसील के गांव मुही की झुपडी, पंचायत मुही में स्व. गुलाब देवी की लम्बी बीमारी के कारण निधन हो गया था । वहीं उनके पति का निधन 7 वर्ष पहले हों गया ,माताजी जैसे तैसे अपने परिवार का पालन पोषण कर रहीं थी लेकिन प्रकृति को कुछ ओर ही मंजूर था। अब ये बच्चे बिल्कुल अनाथ हो गए। उस पीड़ित परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए ग्रामवासियों व सर्व समाज नवयुवक हेल्प टीम ने सोशल मीडिया पर एक सहायता मिशन चलाया। जिसमें ग्रामवासी तथा सर्व समाज के समाजसेवियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मिशन से जुड़े हुए व्यक्ति सुखदेवा गुरुजी एवं हरिओम जरासी तथा नरसी रेलवे जगसोली ने बताया कि इस मिशन में उच्च सहयोगकर्ता 6100 ? गौरव मीना सुपुत्र रामफूल, 6100 ? घासीलाल मीणा मुही, 5100 रू पूरण चंद जेवीवीएनएल मुही,5100 ? संतोष मीणा झुंझुनू, 3000 ? कुमारी महर मल्होत्रा जयपुर, 3100 रामकरण शेखपुरा आदि का रहा है। इस मिशन में कुल सहयोग राशी 181392 रुपए रही। जो राशी उपस्थित सदस्यों ने 1.50 लाख रुपए की एफडी कराने व शेष राशी घर खर्च हेतु सुपुर्द की। स्व. माताजी की याद में टीम ने फलदार पेड़ लगाया। मिशन समापन के अवसर पर विष्णु शर्मा उपाध्यक्ष, सुखदेवा मास्टर करनावर,महेश बैरवा प्रॉजेक्ट मैनेजर चांदेरा,लक्ष्मी नारायण बलाई, मुंशी टी स्टॉल, बाबूलाल गुर्जर गाडंडी, रामफूल गुरुजी, कैलाश मीणा, रंगलाल, जयराम, महादेव, दुर्गाप्रसाद, मनोहर, बनवारी लाल,रामकेश मुही,गिर्राज प्रसाद शेखपुरा, नवल मीणा, रमेश, पूरण जेवीवीएनएल, श्रीनिवास आदि सर्व समाज के बंधु, ग्रामवासी, रिश्तेदार व नवयुवक हेल्प टीम के सदस्य उपस्थित रहें।

### पेट्रोल और सीएनजी बाईक बजाज फ्रीडम का अनावरण किया




■ संजीवनी टुडे

कानोता। कस्बा स्थित नायला रोड़ सिनेमा के सामने संचालित कमल मोटर्स बजाज शोरूम पर हाल ही कानोता थाने मे जयपुर रामगंज से स्थानांतरण होकर आए थानाधिकारी उदय सिंह यादव का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इसी के साथ देश मे पहली बार लॉन्च हुई बजाज कम्पनी की पेट्रोल और सीएनजी बाईक बजाज फ्रीडम का अनावरण किया गया। इस दौरान कमल मोटर्स के मालिक कमलेश शर्मा ने बताया कि बजाज ने पहली बार सीएनजी बाईक लॉन्च की है। पेट्रोल के बढ़ते दाम को देखते हुए बाईक को खरीदने वाले ग्राहक की जेब पर काफी फर्क पड़ेगा। बाईक 200 रुपए की सीएनजी और 210 रुपए के पेट्रोल मे 330 किलोमीटर तक चल सकेगी और इसकी क़ीमत भी काफी कम है।

### राज्य स्तर पर सम्मानित होंगे डूंगरपुर के पदमेश गांधी, अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मंगलवार को

■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह हरिशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान, जेएलएन मार्ग, जयपुर में मनाया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक अशोक शर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह में डूंगरपुर के पदमेश गांधी को सम्मानित किया जाएगा। समाज सेवा, सांस्कृतिक, वृद्ध कल्याण और साहित्य के क्षेत्र में पदमेश गांधी सेवानिवृत कर्मचारी राजस्थान पेंशनर्स, समाज जिला डूंगरपुर को उल्लेखनीय योगदान प्रदान करने के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम मुस्कान संस्थान, रेलवे फाटक के पास बलवाड़ा, डूंगरपुर में दोपहर 2 बजे मनाया जाएगा। कार्यक्रम में जिला और उपखण्ड स्तर पर उल्लेखनीय सहयोग प्रदान करने वाले वृद्धजनों को सम्मानित किए जाने के साथ स्वास्थ्य जांच, रोडवेज बस पास, पेंशन स्वीकृति एवं वृद्धजनों के लिए राज्य तथा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी।

### जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने देर शाम किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

■ संजीवनी टुडे

राजसमंद। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने सोमवार देर शाम राजसमंद स्थित आर.के. जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। सीएमएचओ डॉ हेमंत बिंदल एवं पीएमओ डॉ. रमेश रजक ने उन्हें अस्पताल के विभिन्न प्रभागों और सुविधाओं का अवलोकन कराया। इस दौरान उपखंड अधिकारी बृजेश गुप्ता भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान कलक्टर असावा ने पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, शिशु वार्ड, आईसीयू और इमरजेंसी सहित सभी प्रमुख विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। मरीजों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को तुरंत दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्री असावा ने निशुल्क दवा वितरण योजना, प्रयोगशाला और निशुल्क जांच सेवाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर जानकारी ली। दवाइयों का स्टॉक देखा और चिकित्सकों से भी बात की। अस्पताल स्टाफ की उपलब्धता, संसाधनों की स्थिति और एम्बुलेंस सेवाओं के बारे में भी उन्होंने सीएमएचओ तथा पीएमओ से चर्चा की। उपचार के लिए आए मरीजों से भी संवाद कर अस्पताल की सेवाओं पर सीधा फीडबैक प्राप्त किया। अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, शौचालयों और पार्किंग व्यवस्था का भी जायजा लेते हुए कलक्टर ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि भविष्य में आवश्यक सुविधाओं की पूर्ति हो सके। बाल चिकित्सालय और जानना वार्ड को विशेष तौर पर देखा। निरीक्षण के अंत में कलक्टर ने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि अस्पताल की सभी सुविधाओं का प्रभावी उपयोग हो और सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का श्रेष्ठ क्रियान्वयन किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यही सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि स्वास्थ्य से संबंधित किसी भी योजना से आमजन वंचित नहीं रहे तथा अस्पताल में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं मिलती रहे।

# सलुम्बर में राजीविका के 7 क्लस्टर्स में 175 लाख की लागत से 7 भवन बनाएंगे: प्रभारी मंत्री

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। पंचायत समिति सलूंबर सभागार में राजिविका की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिला प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा, उदयपुर सांसद डॉ मन्ना लाल रावत और जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू उपस्थिति रहे। कार्यशाला में कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य, जनजाति, महिला व बाल विकास विभाग,पशुपालन,अग्रणी बैंक की योजनाओ पर कार्यशाला में विस्तार से जानकारी दी गई। सलूंबर जिले के 6 ब्लॉक में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं व लखपति दीदी ने संवाद किया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलूंबर दिनेश पाटीदार व राजीविका जिला परियोजना प्रबंधक ख्याली लाल खटीक जी के द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा ने बताया कि सलूंबर जिले में वनधन ऊपज बढ़ाने के लिए धावड़ी गोंद और महुआ के लड्डू और वनोंउपज से प्राप्त कर उत्पाद बनाकर बाजार में बेचा जा सकता है जिससे महिलाओं में आत्मनिर्भरता व आजीविका बढ़ेगी और देश में महिला उत्थान व सशक्तिकरण में स्वयं सहायता समूहों की अहम भूमिका है। युवाओं को एनजीओ व स्वयं सहायता समूह से जुडकर आत्म निर्भर बनना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है तथा स्वयं सहायता समूहों एवं राजीविका द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे विभिन्न नवाचारों से आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। कार्यशाला में डॉ मन्नालाल रावत ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों के हाथ से बने वह सामान है जो किसी भी कंपनी के बने उत्पाद को पछाड़ सकते हैं। उन्होंने कहा है कि उनकी सरकार की प्रबल इच्छा है कि गांव में रहने वाली महिलाएं अपने हुनर का प्रदर्शन करें और अपने स्वयं के उत्पादों से



समृद्धि प्राप्त कर स्वावलंबी तथा आत्मनिर्भर बने। सांसद मन्नालाल रावत ने महिलाओं से संवाद करते हुए उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो, गतिविधियों एवं उत्पादन की जानकारी लेने के साथ-साथ समस्याओं एवं मांगों को भी गंभीरता से सुना और उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और राज्य सरकार ने महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला उत्थान की अनेकों योजनाएं लागू की है। राजीविका महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण का कार्य लम्बे समय से हो रहा है। देश की आधी आबादी महिलाऐं है। महिला सशक्तिकरण के बिना कोई देश आगे नहीं बढ़ सकता है साथ ही उन्होंने कहा कि समूह से जुड़ी महिलाओं के लिए आजीविका संवर्धन के लिए विशेष रूप से प्रयास किए जाएंगे और सलूम्बर जिले के अंतर्गत जिन भी सीएलएफ का संचालन किया जा रहा हैं उन सभी का स्वयं का होना आवश्यक है ताकि महिलाओ को सुविधा मिल सके साथ ही मासिक किराया का भुगतान भी दीदियो को नहीं करना पड़े इसलिए 07 भवन बनाने की घोषणा की गई जिसमे से 02 भवन सांसद मद से तथा 05 भवन सलूंबर जिला प्रभारी मंत्री श्री हेमंत मीणा के द्वारा की गई जिससे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं में काफी उत्साह और जोश दिखा।

जिला कलेक्टर ने बताया कि असम राज्य मे महिलाओ के द्वारा उत्पादित उत्पाद को ऑनलाइन वेबसाइड के द्वारा देश मे मार्केटिंग की जा रही है उसी तर्ज पर क्षेत्र से जो भी उत्पाद वन धन विकास केंद्र द्वारा बनाया जा रहा है उस उत्पादन का ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से बिक्री करवाने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है व जिला परियोजना प्रबंधक ख्यालीलाल खटीक ने राजिविका से जुड़ी समस्त जानकारी के बारे में बताए। माननीय सांसद महोदय के द्वारा महिलाओं के सुझाव आमंत्रित कर महिलाओं की समस्याओं को शीघ्र सामधान करने के लिए भी आश्वस्त किया व समूह की महिलाओं को एसबीआई बैंक से 20 लाख ऋण का चैक उपस्थित अतिथियों के माध्यम से दिया गया इस कार्यक्रम में लगभग 250 से अधिक स्वयं सहायता समूह की महिलाओ की भागीदारी रही इस दौरान उद्यान विभाग के उप निदेशक पुरुषोत्तम भट्ट के द्वारा नर्सरी, ड्रिप इर्रिगेशन, बगीचा स्थापना व जनजाति विभाग के द्वारा हॉस्टल शिक्षा व अन्य जानकारी प्रदान की गई और उप निदेशक दीपिका मीणा के द्वारा महिला बाल विकास विभाग के द्वारा संचालित योजना की जानकारी दी गई व ब्लॉक परियोजना प्रबंधक, स्टाफ व उदयपुर जिले से डीएम एलएच अशोक सेन,डीटीई सूर्यवीर जी उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### पीएमश्री बालिका विद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह का हुआ समारोहपूर्वक समापन




■ संजीवनी टुडे

सादड़ी। स्थानीय पीएमश्री श्रीधनराज बदामिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सादड़ी में प्रधानाचार्य विजय सिंह माली के सानिध्य में राष्ट्रीय पोषण माह का समारोह पूर्वक समापन हुआ। एम डी एम प्रभारी मनीषा सोलंकी ने बताया कि इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजय सिंह माली ने हमारे जीवन में पोषण के महत्व को बताया व जंकफूड से दूर रहने की हिदायत दी। उप प्राचार्य स्नेहलता गोस्वामी ने संतुलित भोजन की जानकारी दी। रमेश कुमार वछेटा ने मीड दे मिल योजना व पन्ना धाय बाल गोपाल दुग्ध योजना की जानकारी दी। विज्ञान शिक्षक कविता कंवर ने कुपोषण से दूर रहने के उपाय जानकारी दी।इस अवसर पर पोषण माह के तहत की गई गतिविधियों की जानकारी एमडीएम प्रभारी द्वारा दी गई।मंच संचालन प्रकाश कुमार शिशोदिया ने किया।इस अवसर पर मधु गोस्वामी महावीर प्रसाद कन्हैयालाल मनीषा ओझा वीरमराम चौधरी रमेश सिंह राजपुरोहित गजेन्द्र सिंह समेत समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार सितंबर माह को पोषण माह के रुप में मनाया जाना था।

### पचांयत समिति पाली में दिव्यागंजन के कल्याण के लिए शिविर का आयोजन 157 का पंजीकरण



■ संजीवनी टुडे

पाली। दिव्यागंजन के कल्याण के लिए शिविर का आयोजन पंचायत समिति, पाली, में सोमवार को आयोजित हुआ। इस अवसर पर विकास अधिकारी भगवान सिंह ने बताया कि शिविर का आयोजन विशेष योग्यजन, के लाभार्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल रजिस्ट्रेशन 157 जिसमें अस्थि रोग 64, नेत्र के 23, नाक कान गला रोग 15, व मनोरोग के 55 व संयुक्त सहायता के आवेदन 13 प्राप्त हुये। इस अवसर पर प्रधान मोहनी देवी पटेल, ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कानाराम पारंगी, माधोसिंह, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिलीप कर्मचन्दानी , चिकित्सा विभाग के ऑर्थोपेडिक डॉक्टर ईश्वर पटेल, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ लोकेश कौ.शिक, डॉक्टर हर्षा, डॉ राम अवतार व उनकी टीम, सीएम एस ओ से सूचना सहायक ज्ञान चन्द्र विशेषज्ञ ने शिविर में आये हुए सभी विशेष योग्यजन की जांचकर पात्र दिव्यांगो को न्क्प्क्ब्ंत्क यूडिड कार्ड जारी करने की अनुशंषा की एवं आईटी टीम से नवीन प्रोग्रामर ने ई- मित्र टीम के सहयोग से स्वालम्बन पोर्टल पर विशेष योग्यजनों के ऑनलाईन रजिस्टेशन किए। इसी प्रकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की टीम छात्रावास अधीक्षक संजय वैष्णव, कमलेश कुमार, मनोज चौधरी, कैलाश कुमार, अर्जुन सिंह कनिष्ट सहायक ने पात्र विशेष योग्यजन को के लिए आवेदन करवाएं व शिविर में आये सभी विशेष योग्यजनों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित व जानकारी प्रदान की गयी।

### जिला स्तरीय पोषण मेला का हुआ आयोजन



■ संजीवनी टुडे

पाली। जिला स्तरीय पोषण मेला का आयोजन सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित पेंशनर्स भवन में बैठक लेकर आगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से पोषण माह के अंतर्गत की गई गतिविधियों एवं पोषण के बारे में जानकारियां दी गई। समेकित बाल विकास सेवाएं के उप निदेशक राजेश कुमार ने बताया कि पाली जिले की परियोजना पाली ग्रामीण की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप निदेशक महिला अधिकारिता, उप निदेशक आयुर्वेद पाली ने उक्त पोषण मेले में भाग लिया। उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग ने सभी आगन्तुकों का स्वागत करते हुए पोषण माह के अन्तर्गत कि गई गतिविधियों एवं पोषण के बारें में जानकारीया विस्तृत से दी गई। हंसराज पंवार प्रशासनिक अधिकारी ने मच संचालन करते हुये मुख्यमंत्री के द्वारा दिये संदेश एक पेड़ माँ के नाम को लगाने के लिए सभी कार्यकर्ता को बताया। के.एम. शर्मा समाज सेवी ने महिलाओ को अपने स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी से अवगत करानें एवं उप निदेशक आयुर्वेद पाली ने दसमूल का काढा प्रस्व के बाद प्रस्तुता के स्वास्थय सम्बंधी जानकारी दी। भागीरथ उप निदेशक महिला अधिकारिता ने बेटी बचाओं, बेटी पढाओं का संदेश दिया। सभी उपस्थित अधिकारीयों ने पोषाहार प्रर्दशनी का व रंगोली का अवलोकन किया। जिसमें पोषण भी के साथ-साथ पढ़ाई भी जरूरी का संदेश प्रर्दशनी के दौरान दिया गया।

# मोबाईल चोरी मामले में शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से कुल 11 मोबाईल बरामद

■ संजीवनी टुडे

सराडा। टीडी पुलिस ने मोबाईल चोरी मामले में शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार व कब्जे से कुल 11 मोबाईल बरामद किये। 27.9 को प्रार्थी नवीन प्रकाश पुर्बिया पिता मोहनलाल पुर्बिया निवासी बनोडा सलुम्बर हाल मुकाम पोस्ट टीडी नाल रामदेव होटल टीडी जिला उदयपुर ने उपस्थित थाना हो रिपोर्ट दी कि मेरी टीडी में होटल रामदेव के नाम से होटल है मेरे स्टाफ होटल मै रहते है। दिनांक 24.9 को मेरी होटल मे रखे हुए दो मोबाईल व गल्ले मे रखे नगद 700 रुपये कोई अज्ञात चुराकर ले गया है की जिस पर मेने मेरी होटल के सी.सी.टी.वी. कैमरे देखे तो एक अज्ञात व्यक्ति मोबाईल व रुपये चोरी कर ले गया है। सी.सी.टी.वी फुटेज मे आये व्यक्ति के बारे मे आस पास पता किया तो मालुम चला की मेरी होटल से रुपये व मोबाईल को भगा उर्फ भगवती लाल पिता शंकरलाल भोई निवासी गिंगला सलुम्बर का चोरी कर ले गया है।रिपोर्ट पेश करता हुं की कानुनी कार्यवाही करावे।वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।



टीडी थानाधिकारी फैलीराम ने दोहराने अनुसंधान प्रकरण में चोरी किये गये मोबाईल मुल्जीमान की तलाश हेतु एक टीम गठित की जाकर माल मुल्जीमान की तलाश में सीसीटीवी कैमरे चेक करते हुये तकनिकी सहयोग एवं मनोवैज्ञानिक तरीके से अभियुक्त भगा उर्फ भगवती लाल पिता शंकरलाल भोई निवासी गिंगला सलुम्बर को डिटेन कर बाद पुछताछ के अभियुक्त विरूद्व अपराध पाया जाने से अभियुक्त भगा उर्फ भगवती लाल को गिरफतार किया जाकर प्रकरण में एक मोबाईल व आस -पास विभिन्न जगहो से चोरी किये गये 10 मोबाईल को बरामद किया गया है।अभियुक्त शातिर बदमाश होकर अभियुक्त के खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न थानो में चोरी व नकबजनी के कुल सात प्रकरण दर्ज है।अभियुक्त से पूछताछ व अनुसंधान जारी है।

# कार्यस्थल पर महिलाओं को मिले गरिमापूर्ण व सुरक्षित माहौल : न्यायाधीश भाटी

■ संजीवनी टुडे

पाली। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार विक्रम सिंह भाटी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश), पाली द्वारा आज सोमवार को श्रीमती गुमानबाई पन्नालाल भंशाली राजकीय कन्या महाविद्यालय, पाली में कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न से संरक्षण प्रदान कर महिलाओं को सुरक्षित, गरिमापूर्ण एवं अनुकूल कार्य वातावरण प्रदान करने हेतु बनाये गये "महिलाओं पर कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013" के प्रति जागरूकता हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान सचिव, विक्रम सिंह भाटी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही है, परन्तु उन्हें अनेक बार कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न का सामना करना



पड़ता है, जिससे कार्यस्थल पर कार्य वातावरण अनुकूल नहीं होने के कारण कई मामलों में महिलाएं नौकरी छोड़ने तक मजबूर हो जाती है।

सचिव, भाटी द्वारा बताया कि इस अधिनियम के अंतर्गत व्यथित महिला शिकायत आंतरिक/स्थानीय समिति के समक्ष कर सकती है, परिवाद पर जांच व कानूनी कार्यवाही के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि शिकायत सही पाए जाने पर दोषी कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही सचिव भाटी द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण के आयाम की सरल भाषा में जानकारी देते हुए निःशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर स्कीम, बाल-विवाह, दहेज प्रथा, कन्या भूरण हत्या, घरेलू हिंसा, माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के तहत वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए परिवार में वरिष्ठ नागरिकों का महत्व के बारे में बताया। कार्यशाला में प्राचार्या डॉ. विनिता कोका, अध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## एक से 7 अक्टूबर तक आयोजित होगा समाज कल्याण सप्ताह

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंति के अवसर पर जिले में एक अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक समाज कल्याण सप्ताह मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के हेमंत खटीक ने बताया कि समाज कल्याण सप्ताह का आयोजन का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति जनजातियों अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विशेष पिछड़ा वर्ग महिलाओं व बच्चों के कल्याण की संरचना करनी है। विशेष अभियान के जरिए पात्र व्यक्तियों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन की स्वीकृतिया जारी करने, पात्र व्यक्तियों की बंद पेंशनों को चालू करना आदि कार्य किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों की योजनाओं के कार्य व सहभागिता रहेगी। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण सप्ताह के अंतर्गत एक अक्टूबर को अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एवं समाज कल्याण सप्ताह का शुभारंभ प्रातः 11 बजे से वृद्धजनों का सम्मान, योजनाओं की जानकारी व लाभ प्रदान करना, पात्र व्यक्तियों की पेंशन स्वीकृतियां जारी करना एवं पात्र व्यक्तियों की बंद पेंशन को चालू करने का कार्य होगा साथ ही जिले के संबंधित कार्यालयों व उपखंड अधिकारी व विकास अधिकारी कार्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 2 अक्टूबर को अनुसूचित जातियो का कल्याण दिवस प्रातः 7 बजे गांधी चौक सलूंबर में गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण और सर्व धर्म प्रार्थना एवं गांधी के प्रिय भजन का गायन तथा जिला कार्यालय, ब्लॉक कार्यालय छात्रावास व आवासीय विद्यालय में विशेष सफाई अभियान तथा श्रमदान किया जाएगा।इसी प्रकार 3 अक्टूबर को अपराधी सुधार दिवस, 4 अक्टूबर को बाल दिवस, 5 अक्टूबर को महिला कल्याण व बालिका दिवस, 6 अक्टूबर को जनचेतना दिवस, 7 अक्टूबर को विशेष योग्यजन कल्याण दिवस एव समाज कल्याण सप्ताह का समापन कार्यक्रम होगा।

साप्ताहिक समीक्षा बैठक

# जिला कलक्टर मंत्री ने गत सप्ताह के कार्या प्रगति की समीक्षा की दिये आवश्यक निर्देश

■ संजीवनी टुडे

पाली। जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में आज सोमवार को जिला कलक्टर कार्यालय में गत सप्ताह के कार्या प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिये। जिला कलक्टर मंत्री ने मेडिकल में मौसमी बीमारियों, मानसून के बाद की स्थिति के बारे में बचे हुये आपदा राहत के प्रस्तावों के बारे में सम्बधित विभागों सार्वजनिक निर्माण विभाग , पीएचईडी , पशु पालन विभा को निर्देश दिये। साथ ही जल संसाधन की नहरों के बारे में ,यूआईटी को फोंगिग के लिये ,आवश्यक नम्बरों की विवरिणिका जारी करने के लिये व पानी ,सडक , के बारे में निर्देश दिये साथ ही नगर निगम को साफ सफाई सीवरेज , सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग को पेशन ,स्कारलशिप , माईनिंग को डीएमफटी के यूसी ,सीसी के बारे में व वन विभाग को पौधारोपण की स्थिति के बारे में आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही उन्होंनें पशुपालन विभाग से वैक्सीनेशन ,गौशालाओं के बारे में जानकारी ली और कृषि में खाद विभिन्न फसलों के बारे में ,शिक्षा विभाग से दूध वितरण व अन्य योजनाओं की प्रगति की



जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने सम्पर्क पोर्टल के प्रकरणों के निस्तारण के लिये निर्देश दिये।

### गांधी जंयती के प्रबन्धों तैयारीयों के लिये दिये निर्देश

बैठक में एक अक्टूबर से समाज कल्याण सप्ताह और 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती के बारे में , जिला ब्लाक व विभिन स्तरों पर तैयारी की जानकारी ली और साफ सफाई , गरिमामय रूप से मनाने सभी प्रबन्ध व आवश्यक तैयारी के लियेयूआईटी , डीएसओं , डूईट आदि सम्बधित विभागों को निर्देश दिये।इस अवसर पर बैठक में जिला परिषद सीईओं मुकेश चौधरी , यूआईटी सचिव डॉ पूजा , सीएमएचओं विकास मारवाल , पानी ,बिजली ,सार्वजनिक निर्माण , आदि सभी संबधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सलूंबर जिला असपताल में प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र का हुआ शुभारंभ



■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। गरीब और असहाय लोगों को सस्ती दर पर दवाइयां उपलब्ध करवाने के लिए सलूंबर जिला चिकित्सालय में सोमवार को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिले के प्रभारी मंत्री हेमंत मीना और सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने फीता काटकर जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान सांसद और प्रभारी मंत्री ने कहा कि औषधि केन्द्र के खुलने से गरीब और असहाय लोगों पर आर्थिक बोझ कम पड़ेगा और उन्होंने कहा कि इस औषिधि केंद्र के खुलने से लोगों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवा मिलेगी। विशेष रुप से गरीब और वंचित लोगों के लिए सस्ती कीमतों पर दवाई उपलब्ध होगी। इस दौरान प्रभारी मंत्री एवं सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने जन औषधि केंद्र का निरीक्षण कर दवाइयों की जानकारी ली तथा प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कुमार दोशी ने बताया कि जन औषधि केंद्र में दो हजार प्रकार की दवाइयां और तीन प्रकार के सर्जिकल सामान उपलब्ध है और यहां पर बाजार के मुकाबले 80 फीसदी तक कम दामों में दवाएं उपलब्ध होगी। लोगो को सस्ती और गुणवत्ता-पूर्ण जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने की दिशा में यह अच्छा प्रयास है। जन औषधि संचालक अंशुल श्रीमाली ने बताया कि जन औषधि केंद्र पर बाजार से कम दाम पर अच्छी और गुणवत्ता युक्त दवाइया हर समय उपल्ब्ध रहेगी। औषधि केंद्र के उद्घाटन के दौरान जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, एसडीएम पर्वत सिंह चुंडावत, तहसीलदार डॉ मयूर शर्मा,सीएमएचओ डॉ जगदीश बुनकर, पीएमओ, पुष्पेंद्र, करण सिंह सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारी मोजूद रहे।

# उप जिला अस्पताल मावली को हस्तांतरित करने पर विरोध प्रदर्शन, सौपा ज्ञापन

■ संजीवनी टुडे

मावली। उप जिला अस्पताल को मावली से लदानी ले जाने को लेकर मावली के व्यापारीयो और गणमान्य लोगो व अस्पताल बचाओ संघर्ष समिति के सैकड़ों लोगो ने सोमवार को रैली निकाल कर तहसीलदार को ज्ञापन दिया और मांग कि उप जिला अस्पताल लदानी की बजाय मावली मे ही रखा जाए। अगर देव स्थान विभाग जमीन और पट्टा ना दे, तो भी मावली मे अन्य कई जमीनों का विकल्प भी है। ऐसे मे उप जिला अस्पताल को मावली से लदानी ले जाना सरासर गलत है। जानकारी के अनुसार मावली नगरपालिका के मावली गांव बाई राज जी की बावड़ी के पास स्थित उप जिला अस्पताल कई सालो से संचालित है। जो की देव स्थान की भूमि पर बना हुआ है। अब इस उप जिला अस्पताल को मावली से 8 किलोमीटर दूर लदानी मे शिफ्ट करने की तैयारी जारी है और इसके लिए भूमि चिन्हित की जा चुकी है। तहसील प्रशासन इसका प्रस्ताव बनाकर उदयपुर कलेक्टर



को भेज चुका है। वहा से प्रस्ताव सरकार को भेज दिया गया है। अगर सरकार से इसकी मंजूरी मिलती है तो यह उप जिला अस्पताल मावली से 8 किलोमीटर दूर लदानी गांव मे शिफ्ट हो जाएगा। इस बात को लेकर मावलीवासियो ने भारी विरोध किया, लोगो में जनाक्रोश। मांगे नही मानने पर आन्दोलन की चेतावनी भी दी। इसके लिए एक अस्पताल बचाओ संघर्ष समिति भी का गठन किया गया।

# सराडा में पोषण माह का समापन समारोह आयोजित

■ संजीवनी टुडे

सराडा।राजस्थान सरकार की ओर से आयोजित पोषण माह के तहत 2 से 30 सितम्बर तक सराडा- सेमारी,जयसमंद पंचायत समिति की सभी आंगनवाडी पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सराडा में महिला एवं बाल विकास विभाग सराडा मे सीडीपीओ प्रकाश चौबीसा की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। मेले में पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई,पोषण देकर में,पोषण माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली व कार्यकर्ता, कर्मचारीयो को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। इस कार्यक्रम मे गर्भवती,धात्री,6 माह से 3 वर्ष,3 से 6 वर्ष के लाभार्थियों को प्रदान की जाने वाली गतिविधियो पर सीडीपीओ ने प्रकाश डाला। महिला अधिकारी विभाग की बेटी जन्मोत्सव बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ योजना में बालिकाओं का जन्मोत्सव केक काट कर मनाया गया। साथिन का सम्मान



कर विभागीय योजनाओं के बारे में ललित कटारा द्वारा बताया गया।दोनों बीसीएमओ ने विभागीय योजनाओ के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कार्य के प्रति सजक रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम मे सराडा बीसीएमओ सुरेश मंडावरिया,जयसमंद बीसीएमओ मनीष पाठक,चन्द्र प्रकाश पटेल सेवा मंदिर सराडा,महिला अधिकारिता के ललित मीणा,बाल विकास परियोजना कार्यालय से महिला पर्यवेक्षक अरुणा मीणा,निर्मला चौबीसा,राजकुमार मीणा,नितिन आमेटा सहित 328 कार्यकर्ता की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ।

सम्पादक की कलम से....
सम्पादकीय

# पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण-मुक्ति का शंखनाद



दिल्ली के मावलंकर ओडिटोरियम में जिस तरह का प्रकृति-पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण-मुक्ति का शंखनाद हुआ, वह विश्व की ज्वलंत समस्या के समाधान की दिशा में एक सार्थक कदम कहा जायेगा। अवसर था भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा 26वें भाऊराव देवरस स्मृति व्याख्यान का। विषय था पर्यावरणीय संकट और जनजीवन के लिये चुनौतियां। इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कुशल राजनीतिक एवं पर्यावरणविद की भांति धरती पर मंडरा रहे खतरों के लिये जागरूकता एवं स्वच्छ जल जन-जन तक पहुंचाने का जो संकल्प व्यक्त किया वह एक शुभ संकेत है, नये भारत के अभ्युदय का प्रतीक है। उम्मीद बंधी कि सरकार की नीतियों में जल, जंगल, जमीन एवं जीवन की उन्नत संभावनाएं और भी प्रखर रूप में झलकेगी।

नवरात्रा के शुभारंभ पर भव्य उपस्थिति के बीच श्रोताओं ने महसूस किया कि पर्यावरण के सम्मुख उपस्थित खतरे कितने भयावह एवं जानलेवा है एवं उनके समाधान की दृष्टि से सरकार के साथ-साथ भाऊराव देवरस सेवा न्यास जैसे जनसेवा संगठनों ने कुछ ठानी है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। क्या कुछ छोटे, खुद कर सकने योग्य कदम नहीं उठाये जा सकते? पर्यावरण संरक्षण में हम हर तरह से सहयोग करने की कोशिश कर सकते। जलवायु परिवर्तन भी विभिन्न प्रकार के भूमि क्षरण का कारण बन रहा है। समुद्र के जलस्तर में वृद्धि, अनियमित वर्षा, असंतुलित मौसम चक्र और तूफान के कारण ऐसा हो रहा है। इस व्याख्यान में दुनिया में बढ़ते मरुस्थलीकरण से बचाने की चर्चा भी हुई। भगवतीप्रकाश शर्मा, कुलपति - गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ने अपने विस्तृत व्याख्यान में जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता, मरुस्थलीकरण, वायु, जल, जंगल, जमीन, ध्वनि, कृषि प्रदूषण जैसी समस्याओं की चर्चा करते हुए कहा कि यदि शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी तो इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। आज आवश्यकता है कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की ओर विशेष ध्यान दिया जाए, जिसमें मुख्यतः धूप, खनिज, वनस्पति, हवा, पानी, वातावरण, भूमि तथा जानवर आदि शामिल हैं। इन संसाधनों का अंधाधुंध दुरुपयोग किया जा रहा है, जिसके कारण ये संसाधन धीरे-धीरे समाप्त होने की कगार पर हैं। इस जटिल होती समस्या की ओर चिन्तीत होना एवं कुछ सार्थक कदम उठाने के लिये पहल करना जीवन की नयी संभावनाओं को उजागर करता है। इंसान की आने वाली पीढ़ियों के लिए धरती भविष्य में भी सुरक्षित बनी रहे इसके लिये भारत इसमें अग्रणी भूमिका निभा सकता है। क्योंकि भारत के पास समृद्ध विरासत एवं आध्यात्मिक ग्रंथ ऋग्वेद आदि है जो पर्यावरण का आधार रहे हैं।

भगवतीप्रकाश शर्मा ने जलवायु परिवर्तन, जैव-विविधता में कमी और भूमि के बंजर होने के कारणों में इंसानी दखल को प्रमुख बताया, तीनों आपस में जुड़े हुए हैं। अब सकारात्मक दखल के जरिए इसे सुधारने और भावी पीढ़ी को बेहतर भविष्य देने का समय आ गया है। पिछले 200 साल में हमने पर्यावरण को जो नुकसान पहुंचाया है, उसे ठीक करना है।

उन्होंने पौधों एवं कीट-पतंगों के लगातार कम होती किस्मों को भी पर्यावरण के सम्मुख गंभीर संकट बताया। समूचे विश्व में 2 लाख 40 हजार किस्म के पौधे और 10 लाख 50 हजार प्रजातियों के प्राणी हैं। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजनर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) एक की रिपोर्ट में कहा कि विश्व में जीव-जंतुओं की 47677 विशेष प्रजातियों में से एक तिहाई से अधिक प्रजातियां यानी 15890 प्रजातियों पर विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा है। आईयूसीएन की रेड लिस्ट के अनुसार स्तनधारियों की 21 फीसदी, उभयचरों की 30 फीसदी और पक्षियों की 12 फीसदी प्रजातियाँ विलुप्ति की कगार पर हैं। वनस्पतियों की 70 फीसदी प्रजातियों के साथ ताजा पानी में रहने वाले सरिसृपों की 37 फीसदी प्रजातियों और 1147 प्रकार की मछलियों पर भी विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा है। ये सब इंसान के लालच और जगलों के कटाव के कारण हुआ है। गंदगी साफ करने में कौआ और गिद्ध प्रमुख हैं। गिद्ध शहरों ही नहीं, जंगलों से खत्म हो गए। 99 प्रतिशत लोग नहीं जानते कि गिद्धों के न रहने से हमने क्या खोया? लोग कहते है कि उल्लू से क्या फायदा, मगर किसान जानते हैं कि वह खेती का मित्र है, जिसका मुख्य भोजन चूहा है। भारतीय संस्कृति में पशु पक्षियों के संरक्षण और संवर्धन की बात है। इसीलिए अधिकांश हिंदू धर्म में देवी-देवताओं के वाहन पशु -पक्षियों को बनाया गया है। एक और बात बड़े खतरे का अहसास कराती है कि एक दशक में विलुप्त प्रजातियों की संख्या पिछले एक हजार वर्ष के दौरान विलुप्त प्रजातियों की संख्या के बराबर है।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# भारत को शक्तिशाली बनाने का शिक्षा अभियान



भारत को विश्वगुरु का दर्ज़ा दिलाने में प्राचीन शिक्षा ही मुख्य आधार थी, उसी विश्वगुरु भारत ने दीर्घकाल काल तक चले संघर्ष एवं चरित्र एवं नैतिक बल के कमजोर होने के फलस्वरूप अपना गुरुत्व खो दिया। अपना गुरुत्व खो देने से भारत कमजोर हुआ। एक षडयंत्र के तहत अंग्रेजों ने भारत की सशक्त प्राचीन शिक्षा प्रणाली को कमजोर किया। इसके श्रेष्ठ वेद ज्ञान को गड़रियों के गीत अर्थात मिथक घोषित कर शिक्षा की मूल धारा को बाधित किया। आजादी के संघर्ष के दौरान स्वदेश प्रेमियों ने इस बात को गहराई से समझ लिया था, लेकिन आजादी के बाद बनी सरकारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और अंग्रेजों की शिक्षा प्रणाली को ही अपना लिया, जो भारतीयता के संस्कार मिटाकर पाश्चात्य संस्कारों एवं सोच को भरती रही है, जो देश के लिए घातक बनी। अंग्रेजी शिक्षा के विरोधस्वरूप सबसे पहले रवीन्द्रनाथ ठाकुर उनके बाद महर्षि अरविन्द, स्वामी विवेकानंद, भगिनी निवेदिता, स्वामी दयानंद सरस्वती, लाल-बाल-पाल तथा गांधीजी ने राष्ट्रीय शिक्षा की ज्योति को प्रज्ज्वलित रखा। ऐसे ही समय में हिन्दू विचारधारा के अनुरूप विद्या भारती के रूप में प्राचीन एवं आधुनिक शिक्षा का एक समग्र एवं समन्वित अभियान प्रारंभ हुआ। जब आजाद भारत में भी अभारतीय शिक्षा ही दी जाती रही, तब विद्या भारती ने शिक्षा क्षेत्र में भारतीय मूल्यों की शिक्षा के अभियान का शंखनाद किया। सन् 1952 में विद्या भारती योजना का पहला सरस्वती शिशु मंदिर, गोरखपुर में प्रारम्भ हुआ। आज तो विद्या भारती के लगभग 25 हजार शिक्षा केन्द्र चल रहे हैं, जिनमें व्यक्ति निर्माण से लेकर राष्ट्र निर्माण की शिक्षा दी जा रही है। नये भारत के निर्माण और जन चेतना को सर्वांग एवं सशक्त बनाने में शिक्षा क्रांति के अवदान विद्या भारती की जो भूमिका है, उसके समुचित परिचय और पहचान की सामथ्र्य न तो शब्दों में ही है, न किसी माध्यम में। राष्ट्र-निर्माण में सक्रिय शिक्षा का यह अभियान न केवल विलक्षण, अद्भुत, चमत्कारी बल्कि विशाल है।

विद्या भारती जिसका पूरा नाम विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान है। इस संस्थान ने अपने नाम को सार्थक किया है। उत्तर में लेह से लेकर, दक्षिण के रामेश्वरम तक तथा पश्चिम में पाकिस्तान की सीमा से लगे मुनाबाव से लेकर पूर्वोत्तर में हाफलांग तक विद्या भारती के विद्या मंदिर हैं। बड़े-बड़े महानगरों की समृद्ध कालोनियों से लेकर गिरिकन्दराओं में बसी छोटी-छोटी बस्तियों तक विद्या भारती के शिक्षा केन्द्र राष्ट्र निर्माण के इस महत्वपूर्ण कार्य में लगे हुए है। विद्या भारती ने संगठनात्मक दृष्टि से पूरे देश को ग्यारह क्षेत्रों में बाटा हुआ है। प्रत्येक क्षेत्र में एक क्षेत्रीय समिति है, जिसके निर्देशन में प्रान्तीय समितियां अपने-अपने प्रान्त के कार्यों की देखभाल करती है। इन प्रान्तीय समितियों के अन्तर्गत जिला समिति एवं विद्यालय समिति प्रत्यक्ष कार्य करती है। ये सभी ग्यारह समितियां केन्द्रीय समिति के मार्गदर्शन में कार्य करती है। केन्द्रीय समिति का प्रधान कार्यालय देश की राजधानी दिल्ली में है। देश में कुल जिले 711, इनमें कार्ययुक्त जिले 632 है। कुल औपचारिक विद्यालय 12,830, कुल अनौपचारिक केन्द्र 11,353, कुल शैक्षिक इकाइयां 24,183, देशभर में अध्ययनरत छात्रों की संख्या 34 लाख 47 हजार 856, कुल आचार्य 1.5 लाख हैं। इस सांख्यिकी के आधार पर कहा जा सकता है कि गैर सरकारी स्तर पर विद्या भारती देश का ही नहीं, दुनिया का सबसे बड़ा शिक्षा संस्थान है। विद्या भारती गैरसरकारी होते हुए भी सर्वाधिक असरकारी शिक्षा संस्थान भी है।

किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षा ही वह सेतु है, जो व्यक्ति-चेतना और समूह चेतना को राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों से अनुप्राणित करती है। भारत के सामने जो समस्याएं सिर उठाए खड़ी हैं, उनमें पाश्चात्य पैटर्न पर दी जाने वाली मूल्यहीन शिक्षानीति एक ज्वलंत कारण रही है। शिक्षा ही जब मूल्यहीन हो जाए, तो देश में मूल्यों की संस्कृति कैसे फलेगी? वर्तमान में शिक्षा का उद्देश्य जीवन को उन्नत बनाना नहीं, अपितु आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाना हो गया है। विद्या भारती का मंतव्य है- ''यदि भारत के भविष्य को बदलना है तो भावी पीढ़ी पर ध्यान देना ही होगा, उन्हें अपनी संस्कृति एवं मूल्यों से जोड़ना होगा।'' आचार्य विनोबा भावे ने अंग्रेजी शिक्षा के स्थान पर भारतीय मूल्यों के अनुरूप शिक्षा देने की आवश्यकता को महसूस किया, लेकिन उनके सुझाव एवं विचारों को अनसूना किया गया। इतना ही नहीं देश की शिक्षा उन लोगों के हाथों में सौंपी जो अंग्रेजी मानसिकता से ग्रस्त थे।

प्राचीनकाल में गुरुकुल में 24 घंटे शिक्षा चलती थी। हर समय गुरु के समक्ष रहने से विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास हो जाता था, लेकिन वर्तमान में मजदूरी, साक्षरता और आजीविका के तौर पर प्राप्त शिक्षा से जीवन पुष्ट और समर्थ नहीं बन रहा है। विद्या भारती की शिक्षा की आवश्यकता का कारण बना कि ''वर्तमान की शिक्षा में जीविका के पहाड़े तो पढ़ाए जा रहे हैं, पर जीवन के पहाड़े नहीं पढ़ाए जाते। केवल जीविका की बात जुड़ने से समग्र व्यक्तित्व का निर्माण नहीं हो सकता।'' अंग्रेजी भाषा पर बल दिया जाता है, स्वभाषाओं की उपेक्षा होती है। इन विसंगतियों का दूर करने के लिये अनेक आयोग गठित होने पर भी देश की शिक्षण-पद्धति कार्यकारी सिद्ध नहीं हो सकी। इस स्थिति में विद्या भारती ने शिक्षा की कमियों को पूरा करने का बीड़ा उठाया। केवल पुस्तकीय शिक्षा से विद्यार्थियों के व्यक्तितव का निर्माण नहीं होता, उनके जीवन में चरित्र की शिक्षा देना भी अनिवार्य है। यदि प्रारंभ से विद्यार्थियों को अच्छे संस्कार दिये जाएं, मूल्यपरक शिक्षा से उनका मानस अनुप्राणित किया जाए तो वे देश के लिए श्रृंगार, हार और उपहार बन सकते हैं। समुचित प्रशिक्षण के अभाव में वे अशांति, उपद्रव और हिंसक प्रवृत्तियों में भाग लेकर अपने जीवन को विनाश के गर्त में भी डाल सकते हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व-निर्माण के लिए विद्या भारती का प्रकल्प एक वरदान है। इसमें केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, अपितु प्रयोग के माध्यम से संतुलित और सर्वांगीण व्यक्तित्व-निर्माण की बात है। इस पद्धति से शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और भावनात्मक विकास संभव है। विद्या भारती इस प्रकार की राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली का विकास करना चाहती है, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो हिन्दुत्वनिष्ठ एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की वर्तमान चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके और उसका जीवन ग्रामों, वनों, गिरिकन्दराओं एवं झुग्गी-झोपडियों में निवास करने वाले दीन-दुखी, अभावग्रस्त अपने बान्धवों को सामाजिक कुरीतियों, शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसम्पन्न, एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो। विद्या भारती के चार आयाम हैं- देश की विद्वत शक्ति को इस ज्ञान यज्ञ में आहुति देने के लिए विद्वत परिषद है। शिक्षा में क्रिया शोध कर उसे और अधिक उपयोगी बनाने के लिए शोध विभाग है। भारतीय संस्कृति मय जीवन बनाने हेतु संस्कृति बोध परियोजना है और अपने पूर्व छात्रों में दिए गए संस्कार अमिट रहें, इसके लिए पूर्व छात्र परिषद है। अत्यन्त हर्ष का विषय है कि विद्या भारती के पूर्व छात्र परिषद ने अपने पोर्टल में आठ लाख से अधिक पूर्व छात्रों को जोड़ा है, जो विश्व कीर्तिमान बना है।

### विचार बिन्दु

**'सा विद्या या विमुक्तये' इस उक्ति को सार्थक करने की योग्यता विद्या भारती की शिक्षा में निहित है। यहां विद्यार्थी को शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण कर अधिक अंक लाने के लिए नहीं दी जाती, बल्कि जीवन की चुनौतियों का डटकर मुकाबला करते हुए परिपक्व नागरिक बन राष्ट्र निर्माण करने के लिए तथा सम्पूर्ण मानवता के लिए जीवन खपाने हेतु दी जाती है। ऐसा जीवन केवल पुस्तकें पढ़ने से नहीं बनता अपितु क्रिया, अनुभव, विचार, विवेक तथा दायित्व बोध आधारित शिक्षा देने से बनता है। यही भारतीय शिक्षा है।**



ललित गर्ग

# भक्तों की सभी इच्छाएं पूरी करती हैं मां ब्रह्मचारिणी



मां ब्रह्मचारिणी की पूजा का विशेष विधान है। सबसे पहले प्रातः स्नान कर साफ कपड़े पहन लें। उसके बाद देवी को स्नान करा कर धूप, दीप, चंदन, अक्षत और रोली चढ़ाएं। मां को गुड़हल के फूल बहुत पसंद हैं इसलिए गुड़हल के फूलों की माला अर्पित करें। नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा होती है। मां ब्रह्मचारिणी ज्योतिस्वरूपा हैं और भक्तों की सभी इच्छाएं पूरी करती हैं तो आइए हम आपको मां ब्रह्मचारिणी की आराधना के बारे में बताते हैं। देवी ब्रह्मचारिणी मां दुर्गा का दूसरा रूप का हैं। मां ब्रह्मचारिणी पूर्ण रूप से ज्योतिमय हैं। देवी संसार से विरक्त और सदैव शांत रहकर तपस्या करती हैं। वर्षों तक इन्होंने वन में कठोर साधना की है। कठोर तपस्या की वजह से रूप तेजवान है और चेहरे पर आभा विद्यमान रहती है। देवी के हाथों में सदैव अक्ष माला और कमंडल विद्यमान रहता है। देवी मां साक्षात ब्रह्म का स्वरूप हैं और इन्हें तपस्या की मूर्ति भी माना जाता है। देवी की उपासना कर भक्त सिद्धि पा सकते हैं।

पौराणिक कथाओं के अनुसार मां ब्रह्मचारिणी का जन्म हिमालय के राजा पर्वत के घर हुआ था। पिता पर्वत तथा माता नैना ने अपनी बेटी को बहुत प्यार से पाला था। एक नारद ऋषि वहां से गुजरे तो हिमालय राज पर्वत ने अपनी बेटी भविष्य के बारे में पूछा। बेटी के भविष्य के बारे में पूछने पर नारद जी ने बताया कि कन्या के विवाह में अवरोध उत्पन्न हो सकता है और कई तरह की अड़चनें आ सकती हैं। इस पर हिमालय राज यह सुनकर बहुत दुखी हुए उन्होंने नारद से इसका उपाय पूछा। तब नारद जी ने कहा अगर कन्या कई वर्षों तक जप-तप करें तो समस्या खत्म हो सकती है। इसके बाद मां ब्रह्मचारिणी ने कई वर्षों तक तक किया। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी उन्हें वरदान दिया और शिव जी उन्हें पति के रूप में मिले। मां ब्रह्मचारिणी की पूजा का विशेष विधान है। सबसे पहले प्रातः स्नान कर साफ कपड़े पहन लें। उसके बाद देवी को स्नान करा कर धूप, दीप, चंदन, अक्षत और रोली चढ़ाएं। मां को गुड़हल के फूल बहुत पसंद हैं इसलिए गुड़हल के फूलों की माला अर्पित करें। देवी मां को पंचामृत से स्नान कराएं। पंचामृत बनाने के लिए दूध, दही, शर्करा, घी और शहद का इस्तेमाल करें। स्नान के बाद प्रसाद चढ़ा कर पान, सुपारी भी अर्पित करें। उसके बाद कलश देवता की पूजा करें। साथ में नवग्रह की भी पूजा करें। देवी की आराधना के बाद नवग्रह की पूजा करें और दुर्गा सप्तशती का पाठ करें। सच्चे मन से पूजा करने से भक्तों पर मां की असीम अनुकम्पा बनी रहती है। ब्रह्मचारिणी शब्द ब्रह्म तथा आचरण से मिलकर बना है जिसका अर्थ है तपस्या का आचरण करने वाला। इस प्रकार मां का रूप भी उनके नाम के अनुरूप है। देवी शांत, स्वच्छ और श्वेत वस्त्र धारण की रहती हैं। उनके एक हाथ में माला और दूसरे हाथ में कमंडल रहता है। मां की आराधना से जीवन में संयम, जप, तप, त्याग और वैराग्य की वृद्धि होती है। साथ ही इनकी पूजा से आत्मविश्वास, उत्साह और साहस मिलता है और मनुष्य कर्मठ बनता है।

## आज का इतिहास



### 01 अक्टूबर की महत्वपूर्ण घटनाएँ

| | |
|---|---|
| 1854 | भारत में डाक टिकट का प्रचलन आरंभ हुआ। टिकट पर महारानी विक्टोरिया का सिर और भारत बना होता था। इसकी कीमत आधा आना (1/32 रुपये) थी। |
| 1919 | हन्टर समिति की स्थापना ब्रिटिश सरकार द्वारा 1 अक्टूबर, 1919 ई. को की गई थी। |
| 1949 | चीन में कम्युनिस्ट पार्टी के शासन की शुरुआत हुई। |
| 1949 | जनरल माओ-त्से-तुंग द्वारा चीन जनवादी गणराज्य (पीपुल्स रिपब्लिक आफ़ चाइना) की घोषणा। |
| 1953 | आंध्र प्रदेश अलग राज्य बना। |
| 1960 | नाइज़ीरिया यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्र हुआ। |
| 1967 | भारतीय पर्यटन विकास निगम की स्थापना हुई। |
| 1978 | लड़कियों की शादी की उम्र को 14 से बढा कर 18 और लड़कों का 18 से बढा कर 21 वर्ष किया गया। |
| 1996 | अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन द्वारा पश्चिम एशिया शिखर सम्मेलन का उद्घाटन। |
| 1998 | श्रीलंका में किलिनोच्ची एवं मानकुलम शहरों पर कब्ज़े के लिए सेना एवं लिट्टे उगवादियों के बीच हुए संघर्ष में 1300 लोगों की मृत्यु। |
| 2000 | सिडनी में 27वें ओलम्पिक खेल सम्पन्न। |
| 2002 | एशियाड खेलों में स्नूकर प्रतिस्पर्द्धा में भारत को पहला स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। |
| 2003 | नदियों को जोड़ने के सम्बन्ध में बांग्लादेश की आशंकाओं को भारत ने दूर किया। |

# त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट का कारोबार जोरों पर

### विचार बिन्दु



विजय गर्ग

**विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट है कि ये मिलावटी खाद्य पदार्थ 200 से अधिक घातक बीमारियों का कारण बनते हैं।**

अब फ़ेस्टिव सीजन शुरू हो चुका है और इन दिनों बाजार में व्यभिचार जोरों पर है. खाने-पीने की चीजों में यह लगातार बढ़ती मिलावट देश के हर निवासी को मौत के कगार पर धकेल रही है.रिश्वत लेने वालों के संरक्षण में रिश्वत लेने वालों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है.

त्योहारों के दिनों में या जब किसी कारणवश बाजार में खाने-पीने की चीजों की कमी हो जाती है तो मिलावट और कालाबाजारी की भरमार हो जाती है. आंकड़ों पर नजर डालें तो इस काम में शामिल लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है लेकिन राजनीतिक मंशा और रिश्वत लेने वालों का गठजोड़ इस धंधे से जुड़े लोगों को प्रोत्साहित करने में भी पीछे नहीं है. खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए देश में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 लागू है। जिसके अनुसार मिलावट करने वालों को 10 लाख रुपये तक का जुर्माना और 6 महीने से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। सरकार ने मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन को आईपीसी की धारा 272 और 273 के तहत सीधी कार्रवाई करने की भी अनुमति दे दी है।भारत की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2013-14 में खाद्य पदार्थों के 72200 नमूने लिए गए, जिनमें से 13571 मिलावटी पाया गया और 10235 मामले दर्ज किए गए लेकिन 3845 लोगों के खिलाफ ही आरोप साबित हो सके। वर्ष 2018-19 में 94288 नमूने लिए गए और 26077 मिलावटी पाए गए और 20125 लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए लेकिन आरोप 475 लोगों के खिलाफ ही साबित हो सके। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य पदार्थों में मिलावट के मामले 2013-14 की तुलना में 2018-19 में दोगुने हो गए हैं जबकि उस समय की सरकारें आम आदमी को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने का दावा कर रही हैं. इन आंकड़ों में लगातार वृद्धि यह दर्शाती है कि मिलावट से जुड़ा सबसे बड़ा कलंक रिश्वतखोरी है। इसी तरह, वर्ष 2018-19 के दौरान मिलावट के 20125 मामले दर्ज किए गए हैं, लेकिन जब दोष सिद्ध होने की बात आती है, तो यह आंकड़ा घटकर 475 हो जाता है जो दर्ज किए गए कुल मामलों के 2.5 प्रतिशत से भी कम है। व्यभिचार के ज्यादातर मामलों में सिर्फ जुर्माना ही लगाया जाता है। यहां दिखाई गई ढिलाई भी इस बुराई के पनपने में उत्प्रेरक साबित हो रही है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिए जिम्मेदार है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट है कि ये मिलावटी खाद्य पदार्थ 200 से अधिक घातक बीमारियों का कारण बनते हैं, लेकिन मिलावट करने वालों और रिश्वत लेने वालों का गठबंधन अपनी जेब भरने के लिए आम लोगों के जीवन को बर्बाद कर रहा है। दालें, दूध, पनीर, घी, खोया, सरसों का तेल, मसाले (हल्दी, मिर्च, धनिया आदि) आइसक्रीम, चावल, सूखे मेवे, वेसना, साबुन, चॉकलेट सॉस, बोतलबंद पानी, फल और सब्जियां, मिठाई, अनाज, आटा चायपत्ती आदि सहित कई खाद्य पदार्थों में मिलावट बड़े पैमाने पर जारी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत सरकार को एक एडवाइजरी जारी कर कहा है कि अगर दूध और दूध उत्पादों में मिलावट पर अंकुश नहीं लगाया गया तो वर्ष 2025 तक भारत की लगभग 87 प्रतिशत आबादी कैंसर से प्रभावित हो जाएगी। मिलावट को रोकने के लिए केंद्र सरकार द्वारा कानून बनाया गया है लेकिन इसे राज्य एजेंसियों द्वारा लागू किया जाना है। खाद्य आपूर्ति विभाग, नगर निगम, पुलिस, एफएसएसएआई का राज्य कार्यालय कानून को लागू करने के लिए जिम्मेदार है लेकिन उचित कामकाज नहीं होने के कारण यह बुराई दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आम लोगों में जागरूकता की भारी कमी के कारण, व्यभिचार का यह धंधा दिन-ब-दिन अपने पैर पसार रहा है जो मानवता के अस्तित्व के लिए एक बड़ा खतरा पैदा कर रहा है। आज की सरकारों को व्यभिचार के इस खेल को तुरंत रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए ताकि मिलावटी उत्पादों के इस्तेमाल से मानव जीवन का अंत हो सके। अब जब पंजाब के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सभी विभागों से भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहे हैं तो उन्हें भी इस बड़े मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए।

# कम हो तनाव तो केश रहे लाजवाब


**चिंता चिता के समान होता है, जितनी जल्दी जला दें अच्छा है। यहां तो चिंताओं के बीच ही लोग जीवन-यापन के तौर-तरीके सीखते हैं। किसी की जेब में पैसे नहीं है तो किसी को नौकरी की चिंता सता रही है। इसी चिंता की चिता में नौजवानों के बाल जल रहे हैं। केशों का टूटना या यों कहें कि गंजापन की अंधी दौर चल पड़ी है। जिसमें बहुत कम ही लोग सुरक्षित हैं। ऐसे में भी डॉक्टर मानते हैं कि बाल गिरना एक चिकित्सकीय बीमारी है, जिसका निदान संभव है। हेयर ट्रांसप्लांट व त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित शर्मा कहते हैं कि बाल कम होने के अनेकों कारण है। पैसों की कमी के बीच भी जीवन तनाव मुक्त जीया जा सकता है। खानपान का भी केश पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है। डॉक्टर मानते हैं कि शुरू से ही कुछ चीजों का खयाल रखें तो गंजेपन की समस्या से बचा जा सकता है। बाल गिरने की रोकथाम करने और उपचार के लिए एक कारगर व सुरक्षित विकल्प के लिए डॉक्टर की सला ले सकते हैं।**

### रुसी या सिकरी है झड़ने का मूल कारण

सर की त्वचा में कुपोषण या रूखेपन के कारण जड़ों की त्वचा सूख कर झड़ने लगती है। जिसे सामान्य भाषा में रुसी या सिकरी कहा जाता है। रुसी होने पर बाल झाड़ने शुरू हो सकते हैं।

### सिर को साफ रखें

फंगल संक्रमणों से बचने के लिए अपने सिर को साफ रखें। अपने बालों को नियमित रूप से धोने, गंदगी को साफ करने और ज्यादा तेल की वजह से सिर की त्वचा के बंद हो जाने वाले छिद्रों को खोलने के लिए किसी हल्के शैम्पू का इस्तेमाल करें। आप अपने बालों को मुलायम बनाने और उलझने से रोकने के लिए किसी सौम्य कंडीशनर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। सौम्य और प्राकृतिक हेयरस्टाइल तकनीकों का चुनाव करें।




### रुसी या सिकरी का उपचार

**बाल धोने के आधा घटे पूर्व एक-दो नीबू काटकर बालों में मल लें तथा हल्के गरम पानी से सर धो लें। इससे रुसी का सफाया हो जाता है। दो किलो पानी में नींबू रस निचोड़कर एक सप्ताह तक प्रतिदिन अच्छी प्रकार से केश धोएं। नारियल के तेल में तेल से आधा कपूर, नीबू का रस मिलाकर जड़ों में हलकी मालिश करें और रोज मोटे दात वाले कंघे से हल्के हाथों से मालिश करें। बालों को साबुन से न धोकर रीठा से धोएं।**



### बाल कम होने के कारण



चिंता, लंबी बीमारी या शैल्यक्रिया के कारण तनाव होना। प्रोटीन, आयरन, जिंक या बायोटिन जैसे आवश्यक पोषक पदार्थो की कमी होना। लिहाजा पोषक तत्वों से भरे खाद्य पदार्थो को तरजीह दें। यौन हार्मोनों के स्तर में अचानक बदलाव आना, मसलन महिलाओं में डिलीवरी के बाद। सिर में फंगल संक्रमण होना। हेयरड्रेसिंग (केश सज्जा) तकनीकों का इस्तेमाल करना, जैसे – कसकर गूंथना, मोड़ना या बालों को अत्यधिक तापमान में रखना। ब्लीचिंग, कलरिंग और परमिंग, जैसे – प्रबल रसायनों के इस्तेमाल से बालों का उपचार करना। ये बालों की जड़ों को कमजोर करते हैं और इसके कारण बाल टूटते और झड़ते हैं। एंटीबायोटिक्स, बीटा ब्लॉकर्स और कॉर्टीसोंस जैसी औषधियां लेना। कीमोथेरेपी बालों की कोशिकाओं को नष्ट कर सकती है।

### बालों का खयाल रखने के नुस्खे

हेलमेट, कंघियों, हेयरब्रशों और टोपियों को दूसरे लोगों के साथ साझा न करें। बाल गीले हों तो इन पर ब्रश या कंघी न करें। या बहुत कसकर ब्रश नहीं करें। चिंता, अवसाद और अत्यधिक उलेजना पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्यवर्द्धक और संतुलित आहार लें। हरी सब्जियां, नारियल, सोया, मछली, अंडे, लीवर और बादाम तथा अखरोट जैसी गिरियां आपके बालों को अच्छा पोषण प्रदान कर सकती है।

## हैप्पी रहने के 9 मंत्र

- जिस जगह या स्थान में जाने पर आपके मन को सुकून मिलता हो, ऐसी जगह पर बार-बार जाएं।
- एक कहावत है कि किसी को नाराज करने में एक मिनट का भी समय नहीं लगता, लेकिन किसी को हंसाने में कई घंटे बीत जाते हैं। इसलिए दूसरों को हंसने का अवसर अवश्य प्रदान करें।
- सकारात्मक सोच से कठिन से कठिन दिखाई देने वाले काम आसानी से संपन्न हो जाते हैं। यदि आप अपने मन में सकारात्मक भाव जाग्रत करेंगी तो आपका हर काम आसानी से पूरा हो जाएगा।
- अपनी छोटी-बड़ी हर उपलब्धि का जश्न मनाएं। कभी भी इस इंतजार में छोटी उपलब्धि को दरकिनार न करें कि जब बड़ी उपलब्धि हासिल होगी तो जश्न मनाएंगी।
- तन की सुंदरता के बजाय मन की सुंदरता को महत्व दें। तन की सुंदरता तो कुछ वर्षो की मेहमान है, जबकि मन की सुंदरता तो हमेशा साथ रहेगी।
- अपने आसपास के लोगों पर विश्वास करें। यदि आप हरेक को शंकालु दृष्टि से देखेंगी तो जिंदगी का आनंद उठाने से वंचित रह जाएंगी।
- कौन कैसा है इस बात पर ज्यादा दिमाग न लगाएं। इसके बजाय इस बात पर ध्यान केंद्रित करें कि आप अपने को और अच्छा कैसे बना सकती हैं।
- जो बात दिल में हो उसे कहने में संकोच न करें। कई बार हम अपने दिल की बात जुबां पर नहीं ला पाते और हमें बाद में पछताना पड़ता है।
- बिस्तर पर जाने से पहले सारी चिंताओं को अलग कर दें और बेफ्रिक होकर लेटें।

# त्वचा कहे नो चिपचिप

**तैलीय और चिपचिपी त्वचा चेहरे के आकर्षण को कम कर देती है, लेकिन ऐसी त्वचा की अगर सही देखभाल की जाए तो वह निखर उठेगी। इसके लिए आप यहां दिए कुदरती उपायों को अपनाएं। त्वचा का तैलीय होना सिबेशियस ग्लैंड्स के अत्यधिक सक्रिय होने का नतीजा होता है। त्वचा की कोमलता बरकरार रखने के लिए प्राकृतिक तेल जरूरी है, पर जब तैलीय ग्रंथियां अधिक तेल का सिक्रीशन करती हैं तो एक्ने और मुंहासों की समस्या शुरू हो जाती है। ऐसे में धूल-मिट्टी और प्रदूषण के कारण त्वचा के छिद्र भी बंद हो जाते हैं। अगर आप भी तैलीय त्वचा से परेशान हैं तो यहां दिए गए कुदरती उपायों को अपनाएं और पाएं साफ-सुथरी व निखरी त्वचा।**

## 6 टिप्स हैल्दी त्वचा के लिए

- सेब को छीलकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 20 मिनट बाद हलके गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें। सेब एएचए का बेहतरीन स्रोत होता है, जो त्वचा को टोन करता है। उसे मुलायम और कांतिमय बनाता है।
- एक टी स्पून चंदन पाउडर में गुलाबजल मिलाकर पेस्ट बनाएं। फिर उसे चेहरे पर लगाएं। सूखने पर पानी से धो लें। इससे त्वचा के दाग-धब्बे और एक्ने भी दूर होंगे।
- 1 टी स्पून बेसन में चुटकी भर हल्दी पाउडर, आधा नीबू का रस मिलाकर पेस्ट बनाएं। अगर आपको नीबू सूट नहीं करता है तो उसकी जगह पर दही मिला सकती हैं। आंखों के आसपास का हिस्सा छोड़कर लगाएं। सूखने पर हलके हाथों से मलते हुए छुड़ाएं। यह त्वचा का कालापन दूर करता है। हल्दी त्वचा की चमक बरकरार रखती है।
- तैलीय त्वचा को भी मॉयस्चराइजर की जरूरत होती है और इसके लिए आप शहद का इस्तेमाल कर सकती हैं। शहद एक बेहतरीन कुदरती मॉयस्चराइजर होता है। इसे चेहरे पर 15 मिनट लगाएं। फिर धो लें। यह त्वचा की जलन, मुंहासे और कालेपन को दूर करता है। साथ ही उसे कांतिमय और लचीली बनाता है।
- 1 टेबल स्पून चावल के आटे में 1 टेबल स्पून कॉर्नफ्लोर और नीबू के रस की कुछ बूंदें मिलाकर चेहरे पर लगाएं। फिर भीतर से बाहर की तरफगोलोई में हाथ घुमाते हुए कुछ देर मसाज करें। चावल का आटा डेड सेल्स हटाता है। त्वचा के छिद्र भी खोलता है, ताकि साफऑक्सीजन त्वचा के भीतर जा सके।
- 1 टेबल स्पून मुलतानी मिट्टी में अंडे की सफेदी, 1 टेबल स्पून ओट्स पाउडर, 1 टेबल स्पून कॉर्नफ्लोर और गुलाबजल मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। इसे चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 20 मिनट बाद चेहरा साफ कर लें।

### खीरे से बना फेस पैक फायदेमंद



यदि आपकी त्वचा तैलीय है तो खीरे का फेस पैक आपके लिए बहुत अच्छा एक अच्छा फेस पैक है। खीरे का फेस पैक बनाने के लिए एक खीरे में एक अंडे की सफेदी, 1 चम्मच नींबू का रस और पुदीने की 5-6 पत्तियों को मिलाकर पीस लें। अब इसे 10 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। उसके बाद इस पैक को चेहरे पर लगाएँ और कुछ देर बाद चेहरा ठंडे पानी से धो लें।

## चंदन एक फायदे अनेक



कीलमुंहासों के ठीक होने के बाद चेहरे पर किसी प्रकार के दागधब्बों को भी चंदन के लेप से साफ़ किया जा सकता है। चंदन का लेप केवल कीलमुंहासों को, ठीक नहीं करता बल्कि त्वचा को साफ़ कर नमी भी प्रदान करता है। 1 चम्मच चंदन पाउडर में आधा चम्मच पाउडर मिला कर पेस्ट बना कर चेहरे पर 20 मिनट लगाए रखने से केवल कीलमुंहासे कम नहीं हो, आप का चेहरा भी खिलाखिला प्रतीत होता है। बराबर मात्रा में चंदन पाउडर हलदी पाउडर मिला कर थोड़े दूध के साथ पेस्ट बनाएं, इस में चुटकी भर कपूर भी मिलाएं। इस लेप की चेहरे पर मालिश कर रात भर लगा रहने दें। इस से आप को ठंडक के एहसास के साथसाथ चेहरे के दागधब्बे दूर होने का फायदा भी मिलेगा।


### साइड इफैक्ट नहीं

चंदन का प्रयोग प्राचीन काल से चला आ रहा है। खासकर आयुर्वेद में चंदन का प्रयोग खूब किया गया है। किसी प्रकार का घाव, फोड़ेफुंसी, कटनाछिलना आदिसभी पर चंदन के लेप से आराम मिलता है। यह एक कीमती पेड़ है, जो दक्षिण भारत में ज्यादातर पाया जाता है। चंदन का उबटन शादी से पहले नववधू लगाती है ताकि उस के चेहरे और काया की चमक बनी रहे। यह एक प्राकृतिक पदार्थ है, इसलिए इस के नियमित प्रयोग से किसी प्रकार का साइड इफेक्ट नहीं होता।

### इस की खूबियाँ

चंदन में कीटाणुनाशक विशेषता होने की वजह से यह हर्बल एंटीसेप्टिक है, इसलिए किसी भी प्रकार के छोटे घाव और खरोंच को ठीक करता है। यह जलने से हुए घाव को भी ठीक कर सकता है।

शरीर के किसी भाग पर खुजली होने पर चंदन पाउडर में हल्दी और एक चम्मच नीबू का रस मिला कर लगाने से खुजली तो दूर होगी ही, साथ में त्वचा की लालिमा भी कम होगी। चंदन का तेल सूखी त्वचा के लिए गुणकारी होता है। यह सूखी त्वचा को नमी प्रदान करता है।




## मुल्तानी मिट्टी जरूर इस्तेमाल करें



अगर आप महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट, शैम्पू, ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल करते हुए थक चुकी हैं, फिर भी आपको कोई फ़ायदा नहीं हुआ है तो एक बार मुल्तानी मिट्टी ज़रूर इस्तेमाल करके देखें। जानी-मानी सौन्दर्य विशेषज्ञ भारती तनेजा का कहना है कि मुल्तानी मिट्टी सौन्दर्य का ख़ज़ाना है। ये नेचुरल कंडीशनर भी है और ब्लीच भी। ये सौन्दर्य निखारने का सबसे सस्ता और आयुर्वेदिक नुस्खा है। साथ-ही मुल्तानी मिट्टी सभी फेस पैक का बेस होती है। चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी का लेप लगाने से रंगत निखरती है और बालों में लगाने से वे घने, मुलायम और काले हो जाते हैं। मुहांसों की समस्या से परेशान लोगों के लिए तो मुल्तानी मिट्टी सबसे कारगर इलाज है, क्योंकि मुल्तानी मिट्टी चेहरे का तेल सोख लेती है, जिससे मुहांसे सूख जाते हैं। तैलीय त्वचा के लिए मुल्तानी मिट्टी में दही और पुदीने की पत्तियों का पाउडर मिला कर उसे आधे घंटे तक रखा रहने दें, फिर अच्छे से मिला कर चेहरे और गर्दन पर लगाएं। सूखने पर हल्के गर्म पानी से धो दें। ये तैलीय त्वचा को चिकनाई रहित रखने का कारगर नुस्खा है। एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी पाउडर में एक अंडे का सफेद भाग और पुदीने की पत्तियों को पीसकर पेस्ट बना लें। ये पैक हफ्ते में तीन बार लगाएं।

# पथरी से सावधान




पेशाब की पथरी पेशाब में उपस्थित लवणों व खनिजों के जमाव से बनते हैं। ये आमतौर पर मध्य आयु यानि की चालीस साल या उसके बाद पता लगने शुरू होते है। जब लवणों और खनिजों की परतें विभिन्न जगहों पर जमा होती जाती हैं तो इन पत्थरों का आकार बढ़ता जाता है। ये पत्थर आमतौर पर कैल्शियम के फास्फेट और ऑक्जेलेट होते हैं। ये सभी लवण और खनिज खाने की चीजो व पानी से शरीर में आए होते है। कुछ सब्ज़ियाँ जैसे पालक, अरबी के पत्ते और टमाटरों में बहुत अधिक लवण होते हैं। जमीनी पानी में भी काफी सारे लवण होते हैं। कुएँ या बोरवेल का पानी यह भी पथरी बनने का कारण होता है। ये लवण धीरे-धीरे करके शरीर में जमा हो जाते हैं और पत्थर बना लेते हैं। पेशाब के पत्थर आकृति और आकार में अलग-अलग होते हैं। आमतौर पर ये उसी जगह का आकार ले लेते हैं जिसमें ये बनते हैं। इसलिए मूत्रवाहिनी के पत्थर लम्बे होते हैं और मूत्राशय में बने पत्थर गोल होते हैं। गुर्दे में बने पत्थर या तो कीप के आकार के होते हैं या अनियमित आकार के जैसे कि हिरण के सींग। फोस्फेट और कॉर्बोनेट के पत्थरों की सतह मुलायम होती है और ऑक्सेलेट के पत्थरों की खुरदुरी। इस कारण से ऑक्सेलेट के पत्थरों के कारण खून भी निकल सकता है। कुपोषित बच्चों के मूत्राशय में कभी कभी बड़े-बड़े पत्थर बन जाते हैं। ये कुपोषण के कारण शरीर के प्रोटीन के टूट जाने के कारण बनते है। जिसमें पेशाब में फालतू पदार्थे का जमाव हो जाता है। ये कण लवणों के और जमाव के लिए केन्द्रक के रूप में काम करते हैं। पत्थर नींबू समान बड़े भी हो सकते हैं।

### गुर्दे की कीप में पत्थर

गुर्दे की कीप में पत्थर कई सालों तक महसूस हुए बिना शरीर में पड़े रह सकते हैं। अक्सर उस व्यक्ति को पता लगने से कही पहले गुर्दे खराब हो चुके होते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि यह बीमारी काफी धीमी होती है और एक गुर्दे के खराब होने पर दूसरा उसका काम चला लेता है। कुछ मामलों में थोड़ी सी बेआरामी हो सकती है। यह गुर्दे के क्षेत्र तक ही सीमित होती है। और यह हल्का दर्द पीठ के तरफ ज़्यादा महसूस होता है। कभी-कभी कीप के क्षेत्र में पेशाब के इकट्ठे हो जाने के कारण गुर्दे सूज भी जाते हैं। कभी-कभी ऐसा बड़ा गुर्दा एक गांठ जैसे की हाथ से ही महसूस हो जाता है। कभी-कभी यह समस्या गुर्दे में संक्रमण के रूप में सामने आती है। कभी-कभी गुर्दे की पेशियाँ पत्थर को कीप से नीचे मूत्रवाहिनी की और धकेलती है। ऐसे में एक खास तरह का तेज पेट दर्द नीचे की ओर जाता हुए महसूस होता है। यह दर्द लहरों के रूप में उठता है।

### दर्द

मूत्रवाहिनी शूल (दर्द) एक खास तरह का दर्द है जो इस तरह की पथरी से होता है। दर्द पेट में मूत्रतंत्र तक सीमित होता है। यह पेट की मध्यरेषा के दायें या बाएँ ओर होता है। रोगी दर्द से कराहता है। वो या तो उस क्षेत्र को दबाकर या फिर एक तरफ को लेटकर दर्द को दबाने की कोशिश करता है। दर्द मूत्रमार्ग की ओर बढ़ता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि मूत्रनलिका और मूत्रवाहिनी की तंत्रिकाओं की जुड़ी समान होती हैं।

### मूत्राशय में पथरी

पेशाब करना थोडा मुश्किल होता है। ये पत्थर मुख्यत: मूत्रवाहिनी से आते है। कभी-कभी सीधे मूत्राशय में भी पत्थर बन सकता है। कुपोषित बच्चों में ऐसा होता है। इसके लक्षणों में मुख्यत: मूत्राशय शोथ या पेशाब अटकना शामिल है। मूत्राशय शोथ में खास तरह की जलन, और ऐठन वाला दर्द, बुखार, पेशाब में गन्दलापन और बार-बार पेशाब करने की इच्छा होती है। मूत्राशय में हुए पत्थरों से कुछ रोगियों के पेशाब में रक्त स्त्राव दिखाई देता है। मूत्राशय के पत्थरों के कारण पेशाब रूकने की एक खास विशेषता है रोगी की स्थिति से इसका सम्बन्ध। जब रोगी खड़ा होता है या पेशाब करने के लिए बैठा होता है उस समय ये पत्थर मूत्राशय के निकास मुँह पर गेंद की तरह पड़ा रहता है रोगी जितना ज़्यादा जोर लगाता है उतना ही ज़्यादा रोक लगती है। परन्तु अगर रोगी लेटे लेटे पीठ के बल या करवट से पेशाब करने की कोशिश करे तो पत्थर मूत्राशय के निकास मुँह से लुढ़क जाता है। इससे पेशाब बाहर निकल सकती है। कभी-कभी छोटे पत्थर या कंकड़ बड़े पत्थरों के छोटे-छोटे टुकड़े मूत्रमार्ग में से निकल जाते हैं।



# 25 को रिलीज होगी 'दो पत्ती'

**नई दिल्ली।** 'दो पत्ती' का वीडियो बताता है कि कृति और काजोल की फिल्म 25 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। कृति, काजोल के आगे डायलॉग भी मारती हैं अब उनकी तकलीफें डबल होने वाली हैं। क्या ये 'दो पत्ती' में कृति के डबल रोल का हिंट है?! इसका एक और हिंट इस वीडियो के सोशल मीडिया कैप्शन में भी है। काजोल ने अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'अब होगा खेल शुरू, लेकिन इस कहानी के हैं दो पहलू।' बड़े पर्दे पर बाजीराव सिंघम का आइकॉनिक कॉप किरदार निभाने वाले अजय देवगन की पत्नी काजोल को कॉप के रोल में देखने के लिए फैन्स बहुत एक्साइटेड हैं। 'क्रू' और 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' जैसी हिट्स में नजर आ चुकीं कृति अब प्रोड्यूसर भी बन गई हैं। अब उनके प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म 'दो पत्ती' नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है।



## लाइफ Style

# अनन्या

## एआई के दुरुपयोग रोकने बनाने होंगे नियम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनेत्री अनन्या पांडे अपनी आगामी फिल्म 'कंट्रोल' को लेकर काफी उत्साहित हैं। वह फिल्म के प्रमोशन में जुटी हुई हैं। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर जारी हुआ। सामने आए ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म 'एआई' की दुनिया के इर्द-गिर्द घूमती है।

एआई जैसे मुद्दे पर अभिनेत्री ने खुलकर अपनी बात रखी है। अनन्या पांडे का कहना है कि सरकार के अधिकारियों को टेक्नोलॉजी के दुरुपयोग को रोकने के लिए कुछ नियम बनाने की आवश्यकता है। हाल ही में, आमिर खान, रणवीर सिंह, आलिया भट्ट और रश्मिका मंदाना जैसे फिल्म सितारे डीपफेक वीडियो के शिकार हुए। अभिनेत्री ने 'आइफा अवाड्र्स 2024' के ग्रीन कार्पेट पर एक मीडिया समूह से बातचीत में मशहूर हस्तियों के डीपफेक वीडियो के बारे में पूछे जाने पर पीटीआई से कहा, 'यह बहुत डरावना है। सार्वजनिक हस्तियों के रूप में, हमारे चेहरे और आवाज बाहर हैं। मुझे नहीं पता कि हम कितना सुरक्षित कर सकते हैं।


मुझे लगता है कि इसके लिए सरकार द्वारा नियम बनाने होंगे, शायद यही समाधान है।' अनन्या ने आइफा में अपनी प्रस्तुति को लेकर कहा वह इसे लेकर वह उत्साहित और नर्वस दोनों थीं। उन्होंने कहा, पिछले साल आइफा में मेरा पहला स्टेज परफॉरमेंस था। इसलिए मैं बहुत नर्वस थी। इस बार भी मैं नर्वस थी, लेकिन मुझे बहुत मजा आया। अनन्या के वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में उनका वेब शो 'कॉल मी बे' रिलीज हुआ।

## हॉलीवुड मसाला




# नहीं रहे हैरी पॉटर के कई सितारे

लॉस एंजिल्स। जेके राउलिंग के उपन्यासों पर आधारित हैरी पॉटर निस्संदेह एक ऐसी फ्रैंचाइज है, जिसने आधुनिक सिनेमा के इतिहास में अपनी खास जगह बनाई है। इन फिल्मों को दुनियाभर में भरपूर प्यार मिला। इस फिल्म में नजर आने वाले कई किरदारों ने लोगों के मन में गहरी छाप छोड़ी है। हालांकि, इसमें काम कर चुके कई मशहूर सितारे अब हमारे बीच नहीं हैं। हैरी पॉटर में प्रोफेसर मिनर्वा मैकगोनागल की भूमिका के लिए लोकप्रिय मैगी स्मिथ का हाल ही में 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।



# 3500 के टिकट तीन लाख रुपए में बिके...

लॉस एंजिल्स। मुंबई में अगले साल कोल्डप्ले के कॉन्सर्ट होंगे। बैंड तीन दिन तक देश में परफॉर्म करेगा। इस लाइव शो को देखने के लिए टिकटों को लेकर मारामारी मची हुई। यहां तक कि कॉन्सर्ट के टिकटों की कथित कालाबाजारी हो रही है। टिकटों की कीमत मूल रूप से 2500 से 35,000 रुपए के बीच थी। हालांकि, वियागोगो जैसे प्लेटफॉर्म पर रीसेलर टिकट 35,000 से 3 लाख रुपए या उससे भी ज्यादा में बिक रहे थे। इसी सिलसिले में मुंबई पुलिस ने टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म 'बुकमायशो' के सीईओ को तलब किया। साथ ही बयान भी जारी किया। कोल्डप्ले के कॉन्सर्ट की टिकट की बुकिंग के लिए 22 सितंबर को करीब 13 मिलियन फैंस ने बुकमाय शो प्लेटफॉर्म पर लॉग इन किया। कंपनी ने टिकटों की कालाबाजारी पर चिंता जताई है।



# असल में कोई आइडियल रोल है ही नहीं

**मुंबई।** करीना कपूर ने अपने खानदान की वजह से नहीं, बल्कि अपने काम की वजह से इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई। करीना कपूर खानदार से ताल्लुक रखती हैं। कहते हैं कपूर खानदान के सितारों ने अपने घर की बहू-बेटियों पर फिल्मों में काम करने पर लगाम रखा था। करीना का एक थ्रोबैक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें जब उनसे फिल्म में उनके आइडियल रोल के बारे में पूछा गया तो बेबो ने तंज कसते हुए कहा था, 'आइडियल रोल? आइडियल रोल, असल में मेरा कोई आइडियल रोल है ही नहीं। जब तक भूमिका अच्छी है, तब तक सब ठीक है... क्योंकि यह एक मेल डोमिनेटेड (पुरुष प्रधान) इंडस्ट्री है। वैसे आइडियल रोल वही है जैसी मैंने अपनी पहली फिल्म (रिफ्यूजी) में निभाई थी, मैं उस तरह की दमदार भूमिकाएं पाना चाहूंगी।



# 'सिंघम अगेन' का रिलीज से पहले ही धमाल

**मुंबई।** रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की अगली फिल्म 'सिंघम अगेन' दिवाली पर रिलीज होने वाली है। यह उनके कॉप यूनिवर्स की पांचवी फिल्म है। फिल्म के रिलीज होने में काफी कम समय बचा है और इसी बीच ऐसी खबरें आई हैं कि रोहित शेट्टी की इस फिल्म के डिजिटल और म्यूजिक राइट्स 200 करोड़ में बेच दिए हैं। खबरों की मानें तो यह फिल्म की रिलीज से पहले बड़ी डील साबित हुई है। रोहित शेट्टी और जियो स्टूडियोज ने 'सिंघम अगेन' के संयुक्त सैटेलाइट, डिजिटल और म्यूजिक राइट्स 200 करोड़ रुपए में बेचे हैं। रिपोर्ट में प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र के हवाले से दावा किया गया है कि रोहित की फिल्में हमेशा टीवी पर पसंदीदा होती हैं और उनकी रिपीट वैल्यू बहुत ज्यादा होती है। सूत्र ने बताया, 'यह अजय और रोहित के लिए सबसे बड़ी नॉन-थियेट्रिकल डील है।

## टीवी मसाला





# रामानंद सागर ने कौए से की थी प्रार्थना...

**नई दिल्ली।** टीवी पर रामानंद सागर की रामायण हर किसी ने देखी है। इस शो की लोगों के दिलों में एक स्पेशल जगह है। टीवी पर रामायण लाने वाले रामानंद सागर थे. जिस तरह से उन्होंने अपने शो में हर बारीकी से काम किया था उसके वो काबिल-ए-तारीफ थे। मगर एक सीन को शूट करने में सभी को परेशानी हो गई थी। सीन को शूट करने में इतनी परेशानी हो रही थी कि खुद रामानंद सागर ने कौए से प्रार्थना की थी। रामानंद सागर के बेटे प्रेम सागर ने एक इंटरव्यू में ये कहानी बताई थी। उन्होंने बताया था कि जब उनके पिता भगवान राम के बचपन का सीन शूट कर रहे थे तो बहुत मुश्किल आई थी। एक सीन शूट करना था जिसमें रामलला को काकभुशुण्डि नामक कौए के साथ खेलते हुए दिखाना था। इस सीन में दिखाना था कि कौआ रामलला के साथ खेल रहे हैं और उनका खाना चुराने की कोशिश कर रहे हैं। काफी मशक्कत के बाद क्रू मेंबर्स कुछ कौओं को पकड़कर सेट पर लाए। हालांकि, उनमें से कुछ उड़ गए और सिर्फ एक कौआ बचा। कई लोगों ने रामानंद सागर से कहा कि कौए के पैर बांध दें, नहीं तो वह भी उड़ जाएगा। लेकिन डायरेक्टर को भगवान पर भरोसा था और उन्होंने कुछ ऐसा किया जो जादू से कम नहीं था। रामानंद सागर ने कहा-'हे काकभुशुण्डि जी, मैं मुसीबत में हूं, मेरी मदद करो। हमें यह एपिसोड अगले हफ़्ते भेजना है। लाखों लोग इसे देखेंगे।' जैसे ही उसने अपनी प्रार्थना पूरी की, कौआ चमत्कारिक रूप से उस बाल कलाकार के चारों ओर घूमने लगा, जो युवा भगवान राम की भूमिका निभा रहा था। वो बच्चे के साथ खेलने लगा और वहां से उड़ा भी नहीं। इस घटना को देखकर वहां मौजूद सब लोग चौंक गए थे।

## हप्पू की उलटन पलटन' के कलाकार योगेश और गीतांजलि राम बारात में हुए शामिल



आगरा। आगरा शहर में राम बारात का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें पूरे शहर में उत्साह और भक्ति का माहौल था। यह आयोजन भगवान राम की दिव्य विवाह शोभायात्रा को दर्शाता है। इस अद्भुत कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं के साथ एण्डटीवी की घरेलू कॉमेडी 'हप्पू की उलटन पलटन' के प्यारे किरदारों दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) और उनकी दबंग दुल्हनिया राजेश (गीतांजलि मिश्रा) ने भी भाग लिया। उन्होंने इस आयोजन में हिस्सा लेने और दशहरे से पहले भगवान राम का आशीर्वाद प्राप्त करने के अपने आध्यात्मिक अनुभवों और आनंद के बारे में बात की।

# अमिताभ के साथ काम नहीं करना चाहती थी ये एक्ट्रेस...

### बिग बी ने भेजा था गुलाबों से भरा ट्रक जानें किस्सा

नई दिल्ली। 'सदी केमहानायक', 'बॉलीवुड के शहंशाह', 'एंग्री यंग मैन' और 'बिग बी' जैसे नामों से अपने तमाम फैंस के बीच खास पहचान रखने वाले हिंदी सिनेमा के लीजेंड्री एक्टर अमिताभ बच्चन के साथ काम करने का हर एक कलाकार का सपना होता है। हालांकि एक दिग्गज एक्ट्रेस बिग बी संग काम करने को तैयार नहीं थी। अमिताभ बच्चन के साथ आज भी हर कलाकार काम करना चाहता है, लेकिन हिंदी सिनेमा में एक हसीना ऐसी भी हुई जिसके साथ काम करने के लिए बिग बी भी बेकरार थे। बिग बी को अंदाजा था कि वो एक्ट्रेस उनके साथ काम नहीं करेंगी तब अमिताभ बच्चन ने कुछ ऐसा किया जिसके बारे में एक्ट्रेस ने भी नहीं सोचा होगा।

जिस एक्ट्रेस की यहां बात हो रही है वो है दिग्गज और दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी। जिन्हें हिंदी सिनेमा की पहली फीमेल सुपरस्टार भी कहा जाता है। फिल्म 'खुदा गवाह' में श्रीदेवी बिग बी संग काम करने को राजी नहीं थीं। हालांकि, बिग ने ऐसी तरकीब निकाली जिससे श्रीदेवी मान गईं। जो किस्सा हम आपको बता रहे हैं उसका जिक्र 'Sridevi: The Eternal Screen Goddess' किताब में है।

## गुलाबों की बारिश होने के बाद भी नहीं मानी थी श्रीदेवी



किस्से का जिक्र दिवंगत कोरियोग्राफर सरोज खान ने **Sridevi: The Eternal Screen Goddess** किताब के हवाले से भी किया था। बता दें कि सरोज खान ने साल 1992 में आई फिल्म 'खुदा गवाह' में श्रीदेवी और अमिताभ बच्चन को कोरियोग्राफ किया था। सरोज खान ने बताया था कि श्रीदेवी को मनाने के लिए अमिताभ बच्चन ने गुलाब के फूलों से भरा एक ट्रक भेजा था। इसके बाद उस फूल को श्रीदेवी के ऊपर बरसाया गया था। लेकिन, गुलाबों की बारिश होने के बावजूद श्रीदेवी नहीं मानी। उन्होंने फिर मेकर्स के सामने शर्त रखी थी कि वे 'खुदा गवाह' में मां और बेटी दोनों के किरदार निभाएंगी। मेकर्स ने श्रीदेवी की ये बात मान ली थी और खुदा गवाह में अमिताभ बच्चन एवं श्रीदेवी की जोड़ी नजर आई। फिल्म का हिस्सा मशहूर एक्टर नागार्जुन भी थे। 'खुदा गवाह' का डायरेक्शन मुकुल इस आनंद ने किया था। जबकि इसके प्रोड्यूसर मनोज देसाई थे।

# 'ताजा खबर 2' को बॉलीवुड के लिए अपना 'ऑडिशन टेप' मानते हैं भुवन



**नई दिल्ली।** भुवन बाम की लोकप्रिय वेब सीरीज 'ताजा खबर' का दूसरा सीजन रिलीज हो गया है और इसे दर्शकों की शानदार प्रतिक्रिया भी मिल रही हैं। 'ताजा खबर' का सीजन 1 भी भुवन के फैंस के बीच काफी लोकप्रिय हुआ था। हालांकि, अब इस सीरीज को भुवन बॉलीवुड के लिए अपना 'ऑडिशन टेप' कहते हैं। इसके अलावा यूट्यूबर अभिनेता का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि 'ताजा खबर 2' उन्हें बॉलीवुड में आसानी से एंट्री करने में मदद करेगी। हाल ही में एक साक्षात्कार में भुवन ने कहा, 'ताजा खबर 2 में मैंने खुद को अपने कंफर्ट जोन से बाहर किया है। खासकर ऐसे सीन्स के साथ, जिनमें मुझे अपना सौ प्रतिशत देना था। इन सीन्स को करने के लिए काफी पावर की जरूरत होती है। इन सीन्स का उद्देश्य सिर्फ किसी को हंसाने या फिर रुलाने का नहीं था। बल्कि, यह दिखाने का था कि मैं सीन में खुद को फिट कर सकता हूं।' भुवन ने आगे कहा, 'मैं इस सीरीज को दर्शकों और इंडस्ट्री में खुद को साबित करने के तरीके से देखता हूं। इसके अलावा भुवन ने अपनी सीरीज की सफलता का श्रेय अभिनेता जावेद जाफरी, श्रेया पिलगांवकर और महेश मांजरेकर के साथ अपने सहयोग को देते हैं। अभिनेता का कहना है कि ऐसे उम्दा कलाकारों के साथ काम करना प्रेरणादायक था। ऐसे पल थे, जब उनके प्रदर्शन ने किसी को लेकर मेरे विजन में कुछ नयापन जगाया। मैंने उनकी परफॉर्मेंस को देखकर बहुत कुछ सीखा है।'

### एंग्री यंगमैन के दौर में पब्लिक ने तोड़ दिए थे शीशे, सर्वहारा समाज के थे हीरो

# 'सुरक्षा' ने बनाया मिथुन को सुपरस्टार

*मुंबई। ये उन दिनों की बात है, जब लक्ष्मी बस मिथुन पर मेहरबान होना शुरू हुई ही थी। फिल्में उनको मिलने लगी थीं और लोग उनको पहचानने भी लगे थे और फिर साल 1979 के जून में जब बंबई में मॉनसून के बादल तैरने लगे थे तो मिथुन पर कामयाबी झूम के बरसी। ये बात है फिल्म 'सुरक्षा' की। जिस दिन ये फिल्म रिलीज हुई, उसी रात मिथुन अपने कुछ खास लोगों के साथ ये फिल्म देखने दादर के सिनेमाघर पहुंच गए। उन दिनों जासूसी उपन्यास खूब बिकते थे और इन उपन्यासों के शौकीन परदे पर 'आंखें', 'फर्ज, 'कीमत'और 'सुरक्षा'जैसी जासूसी फिल्में देखकर खुश भी बहुत होते थे। इनमें से आखिर की तीनों फिल्में एक ही निर्देशक रविकांत नगाइच की बनाई हुई हैं, जो मशहूर सिनेमैटोग्राफर भी रहे हैं।*

## मिथुन को सन्नाटा दिखा तो सहम गए

मिथुन जब दादर के उस थिएटर में दिन ढले पहुंचे जहां 'सुरक्षा'उसी दिन दोपहर में रिलीज हुई थी तो सन्नाटा था। सन्नाटा इसलिए क्योंकि शो शुरू हो चुका था। पब्लिक सब अंदर थी। मिथुन के चेहरे का रंग बदलते उनके दोस्त ने देखा तो कंधे पर हाथ रखा। दोनों को आया देख थिएटर का मैनेजर थोड़ा अलर्ट हुआ, लेकिन उसके रंग बदलने अभी बाकी थे। वह दोनों को हॉल के अंदर ले गया तो वहां का तो नजारा ही अलग था। पब्लिक मिथुन की हर अदा पर सीटियां मार रही थी। उनके डांस के दौरान फर्स्ट क्लास के आगे की खाली पड़ी जगह पर कुछ लड़के डांस भी करने लगे। अब मिथुन के चेहरे पर पहली बार रंगत आई। दोस्त ने इसे भांप लिया। इंटरवल होने वाला था तो वह मिथुन को लेकर मैनेजर के केबिन में आ गया।

## और, फिर टूट पड़ी पब्लिक नए सुपरस्टार पर

इंटरवल में पब्लिक बाहर निकली और ना जाने कैसे किसी को पता चला गया कि जो फिल्म 'सुरक्षा' वह देख रहे हैं, उसका हीरो मिथुन चक्रवर्ती इस वक्त सिनेमा हॉल में ही है। इतने में घंटी बजी और फिल्म शुरू हो गई। लेकिन, इंटरवल के पहले तक की फिल्म ने ही दर्शकों पर जादू कर दिया था। पब्लिक ने मिथुन को मिनट भर के भीतर तलाश लिया और सब उनसे हाथ मिलाने और उनका ऑटोग्राफ लेने के लिए केबिन में घुसने लगे। पहले केबिन का दरवाजा टूटा। फिर उसकी दीवारों पर लगे कांच टूटे। फिर हॉल में लगे शीशे बिखरे तो मैनेजर को समझ आया कि हिंदी सिनेमा का एक नया सुपरस्टार जन्म ले चुका है।

## रंजीता के साथ यूं बनी सुपरहिट जोड़ी



ये उन दिनों की बात है जब फिल्म 'सुरक्षा' मिलने के समय तक मिथुन चक्रवर्ती का करियर रफ्तार नहीं पकड़ पाया था और इस फिल्म की हीरोइन रंजीता तब तक ऋषि कपूर के साथ फिल्म 'लैला मजनू'करके सुपरस्टार बन चुकी थीं। रंजीता को तब यही लगता था कि उन्होंने एक स्ट्रगलिंग एक्टर के साथ फिल्म साइन करके गलती कर ली। ऐसा इसलिए भी उन्हें लगता था, क्योंकि अपनी दूसरी ही फिल्म 'अंखियों के झरोखे से' में उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस का फिल्फेयर अवार्ड नॉमीनेशन मिल गया था। लेकिन, उन्हें क्या पता था कि इसी साल एक और फिल्म 'भयानक'में भी उन्हें मिथुन के साथ देख दर्शक दोनों की जोड़ी इतनी पसंद करने लगेंगे कि आगे चलकर दोनों की जोड़ी हिंदी सिनेमा की हिट जोड़ियों में शुमार हो जाएगी। 'सुरक्षा'के हिट होने के बाद मिथुन और रंजीता ने तमाम हिट फिल्मों में काम किया।

## रोजर मूर ने किया मिथुन को मशहूर

*इसे मिथुन की मेहनत का नतीजा कहें या उनकी मेहनत का फल कि जिस साल मिथुन की फिल्म 'सुरक्षा' रिलीज हुई, उसी साल जेम्स बॉन्ड सीरीज की एक फिल्म 'ऑक्टोपसी'की शूटिंग भी भारत में हो रही थी। हॉलीवुड फिल्मों के सितारे जब किसी दूसरे देश जाते हैं या किसी दूसरे देश के पत्रकारों से मुखातिब होते हैं तो वहां की कुछ लोकप्रिय चीजों के बारे में पहले से रिसर्च करके रखते हैं। उदयपुर में जब रोजर मूर से उनकी हिंदी फिल्मों की जानकारी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने नाम लिया मिथुन चक्रवर्ती का और कहा कि उन्हें पता चला है कि एक जासूस यहां भारत में भी अच्छा काम कर रहा है। मूर ने मिथुन को 'इंडियन जेम्स बॉन्ड' कहा और ये भी कहा मिथुन की कद काठी और शरीर सौष्ठव उनसे बेहतर है। रोजर मूर के इस एक बयान ने मिथुन का नाम रातोंरात मशहूर कर दिया।*

## गोरे नहीं हम काले सही, हम नाचने गाने वाले सही

*मिथुन की शुरुआती सफलता में उनकी फिल्मों के म्यूजिक और उनके डांस ने बहुत मदद की। मिथुन ने नाचने का अपना एक अलग अंदाज विकसित किया था। बेलबॉटम की मोहरी में चेन का आधा हिस्सा सिलवाने का फैशन यहीं से शुरू हुआ और यहीं से छोकरों ने मोटे सोल वाले जूते भी पहनने शुरू किए। वह सर्वहारा समाज के हीरो थे।*

# ईवी खरीदने पर सरकार देगी सब्सिडी, पीएम ई-ड्राइव स्कीम हुई लागू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को बढ़ाना देने के लिए एक अक्टूबर 2024 से पीएम ई-ड्राइव स्कीम लागू हो गई है जिसपर सरकार 10,900 करोड़ रुपए खर्च करेगी। भारी उद्योग मंत्रालय ने सोमवार 30 सितंबर 2024 को गजेट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसी महीने 11 सितंबर, 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ाना देने के लिए इस स्कीम पर मुहर लगाई गई थी। भारी उद्योग मंत्रालय ने अपने नोटिफिकेशन में बताया कि देश में तेजी के साथ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को बढ़ावा देने, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के सेटअप करने और देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स मैन्युफैक्चरिंग इको-सिस्टम के डेवपलपमेंट के लिए 1 अक्टूबर 2024 से लेकर 31 मार्च 2026 तक पीएम-ड्राइव स्कीम को लागू किया जाएगा।

■ देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने स्कीम पर मुहर

## टैक्स, परमिट और टोल टेक्स से मिलेगी छूट

### 10,900 करोड़ रुपए की है योजना

ऑफर किए जाने वाले बुके में रोड टैक्स में छूट कंसेशन, पर्मिट से छूट, टोल टैक्स में छूट, पार्किंग चार्ज में छूट, ईवी के रजिस्ट्रेशन में डिस्काउंट शामिल है। भारी उद्योग मंत्रालय स्कीम की अवधि के दौरान राज्यों को ऐसे इंसेटिव देने के लिए प्रोत्साहित करेगी। पीएम ई-ड्राइव योजना की मोडल मिनिस्ट्री भारी उद्योग मंत्रालय है. गजेट नोटिफिकेशन के मुताबिक इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को बढ़ाना देने के लिए 10,900 करोड़ रुपये में से 5047 करोड़ रुपये 2024-25 में खर्च किए जायेंगे।



### स्कीम से 24.79 लाख ई-दोपहिया को मिलेगा लाभ

ईवी को बढ़ावा देने वर्ष 2025- 26 में 5853 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना है। पीएम ई-ड्राइव स्कीम से 24.79 लाख ई-टूव्हीलर्स, 3.16 लाख ई-थ्रीव्हीलर्स और 14,028 ई-बसों को सपोर्ट मिलेगा। भारी उद्योग मंत्रालय इलेक्ट्रिक व्हीकल्स बायर्स के लिए ई-वाउचर्स लेकर आ रही है जिससे स्कीम के तहत दी जा रही इंसेंटिव का लाभ उठाया जा सके।

### राज्य सरकार भी देंगे ईवी पर छूट!

पीएम ई-ड्राइव के स्कीम के तहत ई-टूव्हीलर्स, ई-थ्रीव्हीलर्स, ई-एंबुलेंस, ई-ट्रक और दूसरे उभरते हुए इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को बढ़ावा देने के लिए सरकार इनकी खरीदारी पर सब्सिडी देगी। गजेट नोटिफिकेशन में सरकार ने बताया कि केंद्र सरकार का प्रयास राज्य सरकारों की मदद से ई-मोबिलिटी को प्रमोट करना है। राज्यों को फिस्कल और नॉन-फिस्कल बुके ऑफर करना होगा।

## खबर संक्षेप

### टाटा पावर राजस्थान में 1.2 करोड़ करेगी निवेश




**नई दिल्ली।** टाटा पावर ने राजस्थान सरकार के साथ राज्य के बिजली क्षेत्र में 1.2 लाख करोड़ रुपये के निवेश के लिए शुरूआती समझौता किया है। इसमें 75,000 करोड़ रुपये का हरित ऊर्जा में निवेश शामिल है। चौबीस घंटे स्वच्छ, सस्ती तथा भरोसेमंद बिजली आपूर्ति प्रदान करना है।

### रुपया 11 पैसे की गिरावट के साथ 83.80 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सोमवार को 11 पैसे की गिरावट के साथ 83.80 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में उतार चढ़ाव, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी तथा घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट के बीच रुपया टूटा। प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर होने से रुपये को समर्थन मिला।

### क्रेड का राजस्व 2023-24 में 66 प्रतिशत बढ़ाकर 2,473 करोड़




**नई दिल्ली।** क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान ऐप क्रेड का राजस्व वित्त वर्ष 2023-24 में 66 प्रतिशत बढ़कर 2,473 करोड़ रुपये रहा। सदस्यों कर संख्या में वृद्धि और उपयोगकर्ता अधिग्रहण लागत में गिरावट के कारण उसकी आय बढ़ी। परिचालन घाटा वित्त वर्ष 2022-23 के 1,024 करोड़ रुपये से 41 प्रतिशत कम होकर 2023-24 में 609 करोड़ रुपये रह गया।

### विपुल ऑर्गेनिक्स राइट इश्यू से 25 करोड़ जुटाएगी

VIPULORGANICS
Interconnected Chemistry

**नई दिल्ली।** विशेष रसायन बनाने वाली कंपनी विपुल ऑर्गेनिक्स अपनी परियोजनाओं के लिए राइट इश्यू के जरिए 25 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि वह अपने पास रखे प्रत्येक तीन शेयरों के लिए एक शेयर की पेशकश करेगी। इसकी कीमत 54 रुपये प्रति शेयर होगी।

### ग्रीनजो एनर्जी को मिला 1,200 करोड़ रुपए का ठेका



**नई दिल्ली।** ग्रीनजो एनर्जी को करोड़ों रुपये की हाइड्रोजन परियोजना का ठेका मिला है। इससे उसकी ऑर्डर बुक का कुल मूल्य 1,200 करोड़ रुपये हो गया है। ग्रीनजो एनर्जी ने बयान में कहा, यह ठेका सार्वजनिक क्षेत्र की तमिलनाडु जनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (टीएएनजीईडीसीओ) से मिला है।

### मनबा फाइनेंस का शेयर 25 फीसदी उछलकर सूचीबद्ध

MANBA FINANCE

**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) मनबा फाइनेंस लिमिटेड का शेयर निर्गम मूल्य 120 रुपये से 25 प्रतिशत उछाल के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 25 प्रतिशत उछाल के साथ 150 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 31.20 प्रतिशत चढ़कर 157.45 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर कंपनी का शेयर 20.3 प्रतिशत के उछाल के साथ 145 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में शेयर 26.87 प्रतिशत की बढ़त के साथ 152.25 रुपये पर पहुंच गया।

## उद्योग मंडल सीआईआई ने के चेयरमैन त्यागराजन ने कहा

# दुनिया का चौथा सबसे बड़ा एफएमसीजी बाजार बनेगा भारत, 8.5 लाख नौकरियां होंगी पैदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योग मंडल सीआईआई ने सोमवार को कहा कि भारत का सतत उपभोक्ता सामान बाजार (एफएमसीजी) वित्त वर्ष 2029-30 तक पांच लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा और 2027 तक यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा।

उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सतत वस्तुओं पर भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की राष्ट्रीय समिति के चेयरमैन बी. त्यागराजन ने कहा कि हालांकि देश के उत्पाद वैश्विक विश्वसनीयता की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन एक मजबूत परिवेश का निर्माण करना और क्षेत्र में मानकीकरण को अपनाना तथा वैश्विक स्तर पर भारतीय मानकों को पहुंचाना भी जरूरी है।

### मूल्य श्रृंखला में कई अवसर उत्पन्न होंगे

'सीआईआई कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड ड्यूरेबल्स समिट' 2024 में त्यागराजन ने कहा कि अगले दशक में इस क्षेत्र में मूल्य श्रृंखला में कई अवसर उत्पन्न होने की उम्मीद है। त्यागराजन ब्लू स्टार लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक भी हैं।

### वैश्विक विनिर्माण में महाशक्ति बनने की संभावना

चेयरमैन ने कहा, " तैयार माल के साथ-साथ स्वदेशी घटक परिवेश के विकास से लेकर घरेलू स्तर पर सही तरीके से ध्यान देने तक, भारत के वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति बनने की संभावनाएं काफी प्रबल हैं।"त्यागराजन ने कहा, भारत पहले से ही दुनिया में उपभोक्ता सतत वस्तुओं के लिए सबसे तेजी से बढ़ता प्रमुख बाजार है और 2027 तक इसके चौथा सबसे बड़ा बाजार बनने की उम्मीद है।

### 2040 तक भारत सबसे बड़ा एयर कंडीशनिंग बाजार होगा

500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और 8.5 लाख से अधिक नौकरियों के सृजन के साथ प्रगति निर्विवाद है। मिसाल के तौर पर एयर कंडीशनिंग क्षेत्र के 2040 तक दुनिया में सबसे बड़ा बनने की उम्मीद है। गुणवत्ता के मोर्चे पर उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पाद वैश्विक विश्वसनीयता की ओर बढ़ रहे हैं।



■ वित्त वर्ष 2029-30 तक पांच लाख करोड़ का होगा बाजार

### एआई ने क्षेत्र में क्रांति ला दी

चेयरमैन ने कहा कि प्रौद्योगिकी, खासकर कृत्रिम मेधा (एआई) में प्रगति ने इस क्षेत्र में क्रांति ला दी है तथा इसे नए बाजार अवसर और नवीन अनुप्रयोग उपलब्ध कराए हैं।

### गुणवत्ता परिवेश मजबूत हुआ

त्यागराजन ने कहा, " गुणवत्ता परिवेश को मजबूत करने से उत्पादों में उपभोक्ता का विश्वास बढ़ता है, इसलिए एक मजबूत गुणवत्ता परिवेश का निर्माण करना और क्षेत्र में मानकीकरण को अपनाना तथा प्रधानमंत्री तथा भारत सरकार की परिकल्पना के तहत वैश्विक स्तर पर भारतीय मानकों का पहुंचाना भी अनिवार्य है।"

### पीएलआई योजना का मिल रहा समर्थन

वित्त वर्ष 2029-30 तक बाजार का अनुमानित आकार पांच लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और भारत को आत्मनिर्भर तथा प्रौद्योगिकी रूप से उन्नत वैश्विक खिलाड़ी बनाने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना सहित विभिन्न पहलों के जरिये इस क्षेत्र को सरकार से मिल रहे समर्थन की सराहना भी की।

### उत्पाद अपेक्षाओं पर खरे उतर रहे

त्यागराजन ने कहा, " वैश्विक स्तर पर भारतीय मानकों को अपनाकर और बढ़ावा देकर हम अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी प्रतिष्ठा बढ़ा सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारे उत्पाद दुनिया भर के उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं पर खरे उतरें।" उन्होंने कहा, " हालांकि हमने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए अभी और काम किया जाना बाकी है। साथ ही नवाचार सबसे अधिक महत्वपूर्ण है।

### क्षेत्र का जीडीपी में 25 फीसदी का योगदान

त्यागराजन ने कहा, " हम जो गति देख रहे हैं, वह स्पष्ट संकेत है कि भारत वैश्विक विनिर्माण मंच के एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है। हम देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 25 प्रतिशत योगदान करने के विनिर्माण के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

# घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 1,272 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव और जापानी बाजार में कमजोर रुख के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में दिग्गज कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से बड़ी गिरावट आई। सेंसेक्स 1,272 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी ने 368 अंक का गोता लगाया। विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक में भारी बिकवाली के अलावा विदेशी पूंजी की निकासी होने से भी बाजार में गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1272.07 अंक लुढ़क कर 84,299.78 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 368.10 अंक यानी 1.41 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 25,810.85 अंक पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, /"निफ्टी के लिए पिछले दो महीनों का सबसे खराब दिन रहा। चीन सरकार के प्रोत्साहन वाले कदमों से विदेशी पूंजी के चीन का रुख करने की आशंका से बाजार को तगड़ा झटका लगा।/"



■ पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव से बाजार में कमजोर रुख

### निवेशकों की संपत्ति 3.57 लाख करोड़ रुपए घटी

शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट के साथ निवेशकों को 3.57 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। इसके साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,57,885.53 करोड़ रुपये घटकर 4,74,35,137.15 करोड़ रुपये पर आ गया।

# सोना अपरिवर्तित, चांदी 2,000 रुपए लुढ़की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित रहा। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। लगातार नौ दिनों की तेजी के बाद शुक्रवार को सोना 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

हालांकि, स्थानीय बाजारों में सोमवार को चांदी में तीन दिन की जारी तेजी का सिलसिला थम गया और यह 2,000 रुपये लुढ़ककर 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। पिछले बंद भाव में चांदी 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अक्टूबर डिलीवरी वाले सोने की कीमत 42 रुपये यानी 0.06 प्रतिशत बढ़कर 74,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। एक्सचेंज में दिसंबर डिलीवरी वाले चांदी अनुबंध की कीमत 586 रुपये यानी 0.64 प्रतिशत टूटकर 90,812 रुपये प्रति किलोग्राम रही। कोटक सिक्योरिटीज में कमोडिटी रिसर्च की एवीपी (सहायक उपाध्यक्ष) कायनात चैनवाला ने कहा, ''मुद्रास्फीति के नरम आंकड़ों ने ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को बढ़ाया, लेकिन साथ ही इसके परिमाण के बारे में बहस भी शुरू हो गई।''



■ सोना 78,300 रुपए प्रति दस ग्राम पर स्थिर रहा

■ चांदी लुढ़कर 92,500 रुपए प्रति किलोग्राम रही

### इजराइल-हिजबुल्लाह संघर्ष से सोने में निवेश बढ़ा

चैनवाला ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव, विशेष रूप से इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच चल रहे संघर्ष ने सुरक्षित-संपत्ति के रूप में सोने में निवेश बढ़ रहा है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में चांदी 0.30 प्रतिशत गिरकर 31.72 डॉलर प्रति औंस पर रही।

# मोरक्को के लिए बख्तरबंद प्लेटफार्म बनाएगी टीएएसएल

**नई दिल्ली।** टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने सोमवार को पहिएदार बख्तरबंद प्लेटफॉर्म बनाने के लिए मोरक्को के रॉयल सशस्त्र बलों के साथ रणनीतिक साझेदारी करने की घोषणा की। कंपनी को उम्मीद है कि इस समझौते के साथ ही अन्य अफ्रीकी देशों में ऐसे ही उपक्रमों की तलाश करने में उसे मदद मिलेगी। यह मोरक्को का पहला बड़ा रक्षा विनिर्माण संयंत्र होगा और भारत के बाहर किसी भारतीय रक्षा मूल उपकरण विनिर्माता की पहली उत्पादन इकाई होगी। टीएएसएल ने कहा कि उसकी स्थानीय इकाई मोरक्को और संभावित रूप से अफ्रीका के अन्य देशों के लिए विशेष वाहन प्रणालियों का उल्लेखनीय संख्या में उत्पादन करेगी।




# प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अगस्त में 1.8 प्रतिशत घटी

■ कोयला, कच्चे तेल, सीमेंट व बिजली उत्पादन में रही गिरावट

■ उद्योगों के वृद्धि दर में साढ़े तीन साल बाद गिरावट आई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कोयला, कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में गिरावट के कारण इस साल अगस्त में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में 1.8 प्रतिशत की कमी आई।


आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर में साढ़े तीन साल बाद गिरावट आई है। इस दौरान कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पादों, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में गिरावट हुई। इससे पहले जुलाई में वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत थी। कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली जैसे प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अगस्त 2023 में 13.4 प्रतिशत थी। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 4.6 प्रतिशत बढ़ा।



### *इस्पात उत्पादन की वृद्धि दर धीमी रही*

*इस्पात उत्पादन की वृद्धि दर अगस्त 2024 में धीमी होकर 4.5 प्रतिशत रही, जो पिछले साल इसी महीने में 16.4 प्रतिशत थी। रेटिंग एजेंसी इक्रा लिमिटेड की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि प्रमुख उद्योगों के उत्पादन में अगस्त में गिरावट आई। यह 42 महीनों में गिरावट का पहला उदाहरण है।*

## एयरटेल ने 2016 के स्पेक्ट्रम का 8465 करोड़ रुपए चुकाया...




**नई दिल्ली।** दूरसंचार परिचालक भारती एयरटेल ने सोमवार को कहा कि उसने 2016 में हासिल किए गए स्पेक्ट्रम के बदले सरकार को 8,465 करोड़ रुपये का पूर्व भुगतान किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इन देनदारियों पर 9.3 प्रतिशत की ब्याज दर है। बयान में कहा गया है कि भारत की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल ने 2016 में हासिल किए गए स्पेक्ट्रम के बदले दूरसंचार विभाग (भारत सरकार) को 8,465 करोड़ रुपये का पूर्व भुगतान किया है।

# बीमा पॉलिसी से बाहर निकलने से जुड़े नए प्रावधान आज से होंगे लागू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीमा पॉलिसी को लौटाने (सरेंडर) से संबंधित नया दिशानिर्देश मंगलवार से लागू होने जा रहा है। ऐसा अनुमान है कि इससे बीमा का प्रीमियम बढ़ सकता है या फिर बीमा एजेंटों के कमीशन में कटौती हो सकती है।

इस साल की शुरुआत में भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने अपनी जीवन बीमा पॉलिसियों से जल्दी बाहर निकलने वाले पॉलिसीधारकों को बेहतर रिटर्न देने के लिए 'सरेंडर वैल्यू' संबंधी संशोधित दिशानिर्देश पेश किए थे।

बीमा में 'सरेंडर वैल्यू' का मतलब उस राशि से है जो पॉलिसी की परिपक्वता तिथि से पहले पॉलिसी लौटाने पर बीमा कंपनी की तरफ से पॉलिसीधारक को भुगतान की जाती है। यदि पॉलिसीधारक पॉलिसी चलते समय उसे लौटाने का फैसला करता है तो उसे आय और बचत का हिस्सा दिया जाएगा।

नियामक ने बीमा कंपनियों को 'सरेंडर' के दौरान लौटाई जाने वाली राशि तय करते समय पॉलिसी से बाहर निकलने वाले और जारी रखने वाले पॉलिसीधारकों दोनों के लिए 'औचित्य और मूल्यपरकता' सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर दिया है।

निजी क्षेत्र की बीमा कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि संशोधित 'सरेंडर' शुल्क की भरपाई के लिए जीवन बीमा कंपनियां या तो प्रीमियम की राशि बढ़ाएंगी या फिर अपने एजेंटों के कमीशन में कटौती करेंगी। केयरएज रेटिंग्स के निदेशक गौरव दीक्षित ने कहा, /"बीमा उत्पाद और कमीशन संरचना में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इससे चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में प्रीमियम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।




■ इरडा ने पॉलिसीधारकों के लिए सरेंडर वैल्यू दिशानिर्देश पेश किए

■ पॉलिसी परिपक्व होने से पहले पॉलिसीधारक को भुगतान किया जाएगा

### अधिकांश बीमा कंपनियों ने अपनी नीतियों में किया बदलाव

अधिकांश बीमा कंपनियों ने इन प्रावधानों को पूरा करने के लिए अपनी नीतियों में बदलाव की तैयारी कर ली है। इनमें से अधिकांश कंपनियों के पास जीवन बीमा दिग्गज एलआईसी की तुलना में सीमित संख्या में पॉलिसी हैं। वहीं एलआईसी को नियामक के निर्देशों को पूरा करने के लिए अपनी नीतियों में बदलाव का एक बड़ा काम करना है।

## सरकार घटिया सामान के आयात पर लगाना चाहती है अंकुश

# स्क्रू की गुणवत्ता सुनिश्चित करने अधिसूचना जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने घटिया सामान के आयात पर अंकुश लगाने, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुछ किस्मों के पेंच (स्क्रू) के लिए अनिवार्य गुणवत्ता मानदंड लागू किए हैं। इस संबंध में उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने 17 सितंबर को एक अधिसूचना जारी की। इसके मुताबिक, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का चिह्न होने पर ही स्क्रू के उत्पादन, बिक्री, व्यापार, आयात और स्टॉक करने की अनुमति दी जाएगी।

■ घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने स्क्रू के लिए अनिवार्य मानदंड लागू

### न्यूनतम जुर्माना पांच लाख

दूसरी बार और आगे भी इसका उल्लंघन करने पर जुर्माना न्यूनतम पांच लाख रुपये और माल के मूल्य का 10 गुना तक बढ़ जाएगा। उत्तरी भारत स्क्रू विनिर्माता एवं कारोबारी संघ के अध्यक्ष विशाल महाजन ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि इससे चीन से घटिया स्क्रू के आयात में कटौती करने में मदद मिलेगी।



**भारत ने स्क्रू के आयात पर लगाया प्रतिबंध:** भारत 10,000 से 12,000 टन स्क्रू का आयात कर रहा था। सरकार ने जनवरी में 129 रुपये प्रति किलोग्राम से कम कीमत वाले इन स्क्रू के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

**गुणवत्ता सुधारने अनुकूल परिवेश:** देश में पेंच की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और एक अनुकूल परिवेश के विकास के साथ निवेश को आकर्षित करने के लिए सरकार यह अधिसूचना लेकर आई है। बीआईएस अधिनियम के प्रावधान का उल्लंघन करने पर पहली बार में दो साल तक की कैद या न्यूनतम दो लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है।

### पेचों के लिए 14 भारतीय मानकों की रूपरेखा

इस गुणवत्ता नियंत्रण आदेश में कई तरह के पेंचों के लिए 14 भारतीय मानकों की रूपरेखा दी गई है। हालांकि यह आदेश विदेशी विनिर्माताओं सहित बड़े और मध्यम स्तर के निर्माताओं के लिए अधिसूचना जारी होने के छह महीने बाद लागू होगा।

### *कारोबार सुगमता के तहत कई छूट भी*

*कारोबारी सुगमता को ध्यान में रखते हुए इस आदेश में कई तरह की छूट भी दी गई हैं। किसी भी तैयार माल या घटक के हिस्से के रूप में आयातित माल को छूट मिलेगी और निर्यात के लिए उत्पाद बनाने के लिए घरेलू निर्माताओं द्वारा आयातित उत्पादों को भी छूट दी जाएगी।*

## जम्मू-कश्मीर में तीसरे चरण की 40 सीटों पर चुनाव आज

# जम्मू क्षेत्र की 24 तो कश्मीर की 16 सीटों पर दिग्गजों की किस्मत होगी 'लॉक', सलाथिया, जसरोटिया, शामलाल, भल्ला शामिल

*जम्मू-कश्मीर के तीसरे चरण में जम्मू क्षेत्र की 24 तो कश्मीर रीजन की 16 सीटें हैं उसमें से 17 सीटों पर भाजपा ने 2014 में जीतने में सफल रही थी। कश्मीर रीजन में भाजपा का प्रभाव कम है। यहां विपक्षी पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस और कुछ अन्य दलों का दबदबा माना जा रहा*


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के तीसरे और आखिरी चरण की 40 सीटों पर मंगलवार को वोटिंग है। इन 40 सीटों पर 415 उम्मीदवार की किस्मत का फैसला 39 लाख से ज्यादा मतदाता करेंगे।

**राशिद से कांग्रेस और पीडीपी परेशान**

पाकिस्तान बॉर्डर के आसपास के इलाकों वाली सीटों और बूथों पर सुरक्षा के ज्यादा कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस फेज में जम्मू क्षेत्र की 24 सीटें हैं तो 16 सीटें कश्मीर इलाके की हैं। इस तरह जम्मू-कश्मीर की सत्ता का फैसला करने वाला यह चरण माना जा रहा है।जम्मू वाले इलाके में भाजपा और कांग्रेस की अग्निपरीक्षा है तो उत्तर कश्मीर वाले इलाके में नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी को इंजीनियर राशिद और सज्जाद लोन की पार्टी सियासी चुनौती बन गई है। सभी दलों की साख दांव पर लगी है।

### सीधे मैदान से


शामलाल


एजाज गुरु


राजीव जसरोटिया


रमन भल्ला


सुरजीत सलाथिया


अरशद

### जम्मू, सांबा, कठुआ और उधमपुर में भी वोटिंग

*जम्मू रीजन में जम्मू, सांबा, कठुआ और उधमपुर की 24 सीटों और कश्मीर संभाग के बारामुला, बडगाम और कुपवाड़ा की 16 सीटों वोटिंग है। जम्मू की 24 सीटें, उसमें उधमपुर पश्चिम, उधमपुर पूर्व, चेनानी, रमनगर (एससी), बानी, बिलावर, बसोहली, जसरोटा, कठुआ (एससी), हीरानगर, रामगढ़ (एससी), सांबा, विजयपुर, बिश्नाह हैं। (एससी), सुचेतगढ़ (एससी), आरएस पुराजम्मू साउथ, बाहू, जम्मू ईस्ट, नगरोटा, जम्मू वेस्ट, जम्मू नॉर्थ, मरह (एससी), अखनूर (एससी)और छंब सीट है।*

### अंतिम चरण में ये दिग्गज लड़ रहे

*तीसरे चरण में जिन दिग्गज नेताओं की साख दांव पर लगी है, उसमें कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तारा चंद और निर्दलीय चुनाव लड़ रहे मुजफ्फर बेग हैं। पूर्व मंत्री सुरजीत सिंह सलाथिया, राजीव जसरोटिया, शामलाल शर्मा, रमण भल्ला, पवन गुप्ता, डॉ. देवेंद्र मन्याल, चंद्र प्रकाश गंगा, हर्षदेव सिंह, चौधरी लाल सिंह, अजय सडोत्रा, योगेश साहनी, मूला राम, मनोहर लाल, यशपाल कुंडल और सज्जाद गनी लोन समेत दर्जन भर नेताओं भाग्य का फैसला होगा। इसके अलावा सांसद इंजीनियर रशीद के भाई अरशद और अफजल गुरु के भाई एजाज गुरु का भी इम्तिहान इसी फेज में है।*

## हरियाणा में राहुल-प्रियंका ने निकाली संकल्प यात्रा

# एकजुटता का संदेश देकर मंच पर मिलवाया हुड्डा-सैलजा का हाथ



कांग्रेस की विजय संकल्प यात्रा नारायणगढ़ से शुरू हुई। अगला पड़ाव थानेसर है। पूर्व सीएम हुड्डा, उदयभान और कुमारी सैलजा भी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ रहे। दोनों नेता 3 जिलों की छह विधानसभा सीटों के लिए प्रचार किए। जनसभा के मंच से राहुल पार्टी में एकजुटता का संदेश भी दे गए। उन्होंने मंच पर भूपेंद्र हुड्डा और कुमारी सैलजा का हाथ मिलवाया। राहुल ने कहा कि अग्निवीर योजना जवानों की पेंशन चोरी करने का तरीका है। कांग्रेस नेता राज बब्बर सोमवार दोपहर भिवानी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में कांग्रेस की जीत का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि लोगों में इस बात का उत्साह है कि कांग्रेस पार्टी की सरकार बन रही है। 36 बिरादरी के लोग कांग्रेस प्रत्याशी कॉमरेड ओम प्रकाश को मिलकर चुनाव लड़ा रहे हैं। यहां बहुत भारी बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनेगी।

### साढौरा हलके में राहुल बिना संबोधन निकले

राहुल अंबाला के बाद साढौरा हलके के पहाड़ीपुर नाका गुरु बंदा सिंह बहादुर चौक पर पहुंचे। राहुल गांधी का गुरु बंदा सिंह बहादुर चौक पर 11:30 बजे पहुंचने का समय था लेकिन लेट हो जाने के चलते गुरु बंदा सिंह बहादुर चौक पर बिना संबोधन किए सीधे अपने काफिले के साथ निकल गए।

### छोटी पार्टियों का रिमोट भाजपा के पास

राहुल ने कहा कि हरियाणा में छोटी-छोटी पार्टियों का रिमोट भाजपा के पास है। विचारधारा की ये लड़ाई केवल कांग्रेस और भाजपा के बीच है। एक तरफ न्याय है और दूसरी तरफ अन्याय है। एक तरफ किसानों, गरीबों, मजदूरों का हित है और दूसरी तरफ अडानी-अंबानी का हित है।

### युवाओं की जेब से छीने गए पैसे

राहुल ने कहा कि मैं अमेरिका गया। वहां मैंने देखा कि एक छोटे से कमरे में हरियाणा के 15-20 युवा रह रहे हैं। उन्होंने मुझे कहा कि आप हरियाणा में हमारे परिवार से मिलिए, क्योंकि हम 10 साल अपने परिवार से नहीं मिल पाएंगे। मैंने फिर पूछा कि यहां आने में कितने पैसे लगे और पैसे कहां से आए? उन्होंने कहा कि यहां आने में 50 लाख रुपए लग गए हैं, जो खेत बेचकर या ब्याज पर पैसे लेकर जुटाए गए हैं। उन युवाओं की जेब से 50 लाख रुपए छीने गए क्योंकि हरियाणा में उन्हें रोजगार नहीं मिल सका।

### सैलजा का बदला सुरः आलाकमान करेगा सीएम पद का फैसला

पूर्व कैबिनेट मंत्री और दिग्गज कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा ने भी विधानसभा चुनाव में प्रचार व जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। उन्होंने अंबाला कैंट के कांग्रेस प्रत्याशी परविंदर सिंह परी के पक्ष में प्रचार किया ।पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार के दौरान कुमारी शैलजा ने दावा किया कि इस बार कांग्रेस की हवा है और हमारी सरकार बनने जा रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा पहले अपना घर संभाल ले। जहां तक कांग्रेस की बात है, वो हमारी अंदरूनी बात है। उन्होंने साफ किया कि हरियाणा में मुख्यमंत्री का फैसला चुनाव के बाद पार्टी का हाईकमान करेगा।

## कांग्रेस पर गरजे यूपी के सीएम योगी, राहुल पर किया कटाक्ष

### राम और रोम की संस्कृति में बहुत अंतर



हांसी में भाजपा प्रत्याशी के लिए रैली को संबोधित करते यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुझे यहां आते ही राम दरबार के दर्शन हो गए। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में कांग्रेस ने बाधा खड़ी की। उन्होंने कहा कि जो काम 500 साल से अटका था। कांग्रेस जो 60 साल में नहीं कर सकी उसे भाजपा ने 2 साल में पूरा कर रामलाल को विराजमान करा दिया। राम की संस्कृति को कोसने वाला वही व्यक्ति होगा जो रोम की संस्कृति को मानता होगा। रोम की संस्कृति को मानने वाले वाला ही राम की संस्कृति को अपमानित कर रहे हैं। जो राम का नहीं वह काम का नहीं।

### तब राहुल को इटली की नानी याद आई

कोरोना के समय राहुल गांधी कहीं नहीं दिखे। पीएम नरेंद्र मोदी के निर्देश पर भाजपा के कार्यकर्ता अपनी जान की परवाह किए बिना जनता की सेवा कर रहे थे। देश के संकट के समय राहुल गांधी को 140 करोड़ भारतीय नहीं इटली की नानी याद आती है। जो संकट के समय आपके साथ खड़ा नहीं होता उसको चुनने की गलती मत करना। आतंकवाद, उग्रवाद, नक्सलवाद, भ्रष्टाचार की जनक कांग्रेस है। कांग्रेस और माफिया एक दूसरे के पर्याय बन गए हैं। यह लोग गठजोड़ कर जनता जनार्दन का शोषण करते हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में बड़े बड़े माफिया जेल चले गए या जहन्नुम चले गए। यूपी में न कर्फ्यू है न दंगा है वहां सब चंगा है।

### रोहतक में ईरानी का राहुल पर निशाना

### तो सैलजा को सीएम उम्मीदवार घोषित करें



*भाजपा की वरिष्ठ नेता स्मृति ईरानी रोहतक में प्रदेश मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी दलित हितैषी है तो कुमारी सैलजा का नाम सीएम पद के लिए क्यों घोषित करते। राहुल की यात्रा के दौरान पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व सांसद कुमारी सैलजा के हाथ मिलाने पर भी कटाक्ष किया।*

## खबर संक्षेप

### सरकारी बसों, डिपो से हटेंगे केजरीवाल के पोस्टर



**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी में डीटीसी बसों और डिपो से सभी राजनीतिक पोस्टर हटाने का आदेश जारी किया है। कैलाश गहलोत के मंत्रालय द्वारा जारी किए गए इस आदेश के बाद अब दिल्ली की डीटीसी बसों से दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के पोस्टर हटा दिए जाएंगे। दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन बसों और डिपो में केजरीवाल की तस्वीरें लगी हुई हैं।

### ईडी ने सीएम सिद्धारमैया पर दर्ज किया मामला



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने सिद्धारमैया के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पिछले हफ्ते कर्नाटक के लोकायुक्त ने राज्य के सीएम और अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी और अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया था। ये मामला मैसूरू शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन से जुड़ा है। इसमें भवन के बदले राशि की हेरफेर सामने आई थी।

### पीएम कल झारखंड में करेंगे उत्कर्ष का शुभारंभ



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी 2 अक्टूबर को झारखंड का दौरा करेंगे। वे 79,150 करोड़ के धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे। पीएम हजारीबाग में 83,300 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। इतनी बड़ी परिव्यय के साथ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा अन्य कार्यक्रमों में भी पीएम मोदी शिरकत करेंगे। पदाधिकारियों से बात करेंगे।

## खरगे की पीएम मोदी पर टिप्पणी पर भाजपा की दो टूक


# कांग्रेस अध्यक्ष के कथन को नाराज शाह ने अप्रिय और अपमानजनक बताया, सिंह भी दिखे 'खिन्न'

*खरगे भाषण के दौरान बोले- वे मोदी को सत्ता से हटाकर ही मरेंगे, इसी पर भाजपा ने उन पर जमकर हमला बोला*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को सोशल मीडिया पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की पीएम नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी पर नाराजगी जताई और इसे बिल्कुल अप्रिय और अपमानजनक बताया।

रविवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के जसरोटा निर्वाचन क्षेत्र में रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ने कहा था कि हम जम्मू-कश्मीर में राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए लड़ेंगे। मैं 83 साल का हूं और इतनी जल्दी मरने वाला नहीं हूं। मैं तब तक जिंदा रहूंगा, जब तक पीएम मोदी सत्ता से बाहर नहीं हो जाते। शाह ने एक्स पर लिखा, रविवार को खरगे ने अपने भाषण में अभद्र भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने अपनी कटुता का परिचय देते हुए पीएम मोदी को अनावश्यक तौर पर अपने स्वास्थ्य से जुड़े मसले में घसीटते हुए कहा कि वे मोदी को सत्ता से हटाकर ही मरेंगे। इन कांग्रेसियों में पीएम मोदी के प्रति कितनी नफरत और डर है।



### पीएम मोदी ने तुरंत हालचाल जाना

*दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी को जैसे ही खरगे के भाषण के वक्त चक्कर आने एवं तबीयत बिगड़ने की जानकारी लगी, उन्होंने तुरंत ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता का हाल जानने के लिए उनसे बातचीत की। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की पीएम मोदी पर की गई टिप्पणी पर नाराजगी जताते हुए इसे बिल्कुल अप्रिय और अपमानजनक बताया है।*

### खरगे के स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की

*शाह ने आगे कहा कि खरगे के स्वास्थ्य के लिए मोदी जी प्रार्थना करते हैं और वे स्वयं और हम सभी प्रार्थना करते हैं कि वे लंबे समय तक स्वस्थ रहें। वे कई वर्षों तक जीवित रहें और 2047 तक विकसित भारत का निर्माण देखने के लिए जीवित रहें। दरअसल रविवार को जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के जसरोटा निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ने कहा कि हम जम्मू-कश्मीर में राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए लड़ेंगे। मैं 83 साल का हूं और इतनी जल्दी मरने वाला नहीं हूं। मैं तब तक जिंदा रहूंगा, जब तक पपीएम मोदी सत्ता से बाहर नहीं हो जाते। मल्लिकार्जुन अभी बोल ही रहे थे कि अचानक उनका सिर तेजी से चकराने लगा और इस तरह उनकी तबीयत खराब होना शुरू हो गई।*

### राजनाथ का खरगे पर तंज

### कलियुग की मर्यादित आयु 125 है, आप जिंदा रहें...



इस मामले पर भाजपा नेताओं के बयान सामने आ रहे हैं। हरियाणा में एक रैली को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि चक्कर आने के बावजूद मंच से हटते हुए भी वह मोदी को हटाने की बात कर रहे थे। मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूं। ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता। रक्षा मंत्री ने इस दौरान कहा कि कलयुग की मर्यादित उम्र 125 वर्ष की होती है। परमात्मा करे कि आप 125 की उम्र तक जिंदा रहें और तब तक मोदी जी भी भारत के प्रधानमंत्री बने रहें, यह बात मैं नहीं कह रहा हूं, वे खुद बोले हैं।

## शिंदे कैबिनेट का बड़ा फैसला

# कुनबी-मराठा प्रमाण पत्र देने एसओपी पर रिपोर्ट स्वीकृत



एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में सीएम एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में न्यायमूर्ति शिंदे समिति की दूसरी और तीसरी रिपोर्ट स्वीकार कर ली है। इसका गठन ऐतिहासिक अभिलेखों के आधार पर कुनबी-मराठा और मराठा-कुनबी प्रमाण-पत्र जारी करने के प्रोटोकॉल को अंतिम रूप देने के लिए किया गया था। कुनबी को महाराष्ट्र में ओबीसी के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। इससे पहले 23 सितंबर को हुई मंत्रिपरिषद की पिछली बैठक में सरकार ने तीन कुनबी उपजातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। कैबिनेट बैठक को लेकर अधिकारियों ने बताया कि पिछली कैबिनेट बैठक में 24 फैसले लिए गए थे।

### मंत्रिमंडल ने 38 प्रस्तावों को भी दी मंजूरी

राज्य में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर, मुख्यमंत्री शिंदे की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने 38 प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिनमें से कुछ मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में सड़क और मेट्रो रेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से जुड़े थे। न्यायमूर्ति संदीप शिंदे (सेवानिवृत्त) समिति ने पिछले दिसंबर में अपनी दूसरी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसे राज्य सरकार ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया था। शिंदे पैनल की रिपोर्ट को राज्य मंत्रिमंडल की तरफ से सोमवार को स्वीकार किया जाना पिछड़े समुदायों की तरफ से विरोध के बीच ओबीसी श्रेणी में शामिल किए जाने के लिए विरोध कर रहे मराठा समुदाय को शांत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

### मेट्रो प्रस्तावों पर भी लगी मुहर

महाराष्ट्र सरकार ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने ठाणे रिंग मेट्रो परियोजना के लिए 12,200 करोड़ रुपए के संशोधित प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है और ठाणे-बोरीवली सुरंग मार्ग के लिए ऋण के माध्यम से 15,000 करोड़ रुपए जुटाने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी है। राज्य में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा और आचार संहिता लागू होने की आशंका को देखते हुए राज्य सरकार लगातार कैबिनेट बैठकें कर रही है।

## हिमाचल में एक और मस्जिद पर बवाल

# हजारों हिंदुओं ने कुल्लू में किया हंगामा, पुलिस के साथ झड़प भी

एजेंसी ▶▶ कुल्लू

हिमाचल प्रदेश में एक के बाद एक मस्जिद को लेकर बवाल हो रहा है। शिमला के बाद अब कुल्लू में भी हिंदूवादी संगठनों ने एक मस्जिद को अवैध बताते हुए ध्वस्त करने की मांग उठा दी है। सोमवार को मंदिर से मस्जिद तक एक जुलूस भी निकाला गया।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प भी हुई। एक मुस्लिम संगठन ने कहा है कि राज्य में कोई भी मस्जिद अवैध नहीं है, बल्कि नक्शे को मंजूरी देने में देरी की वजह से समस्याएं हो रही हैं।



हिंदू धर्म जागरण यात्रा' के तहत निकाले गए विरोध प्रदर्शन में हजारों लोग शामिल हुए। हनुमान मंदिर से अखाड़ा बाजार स्थित जामा मस्जिद तक कड़ी सुरक्षा के बीच जुलूस निकाला। प्रदर्शनकारी हाथों में भगवा झंडा और पोस्टर-बैनर लिए हुए थे। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी उमड़ीं। वाद्य यंत्र भी बजाए गए।

## प्रसाद विवाद पर आंध्र सरकार को शीर्ष कोर्ट ने लगाई फटकार

# भगवान को सियासत से दूर रखें, उन्हें न घसीटें

*सबूत दिखाएं, लड्डू बनाने में मिलावटी घी का इस्तेमाल किया गया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई की, जिनमें तिरुमाला स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में प्रसाद (लड्डू) बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई है।

शीर्ष कोर्ट ने पूछा कि यह दिखाने के लिए क्या सबूत हैं कि लड्डू बनाने में मिलावटी घी का इस्तेमाल किया गया था। हम कम से कम इतनी उम्मीद करते हैं कि देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाएगा। अगर जांच के आदेश दिए गए थे तो प्रेस में जाने की क्या जरूरत थी? सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह आस्था का मामला है। अगर मिलावटी घी का इस्तेमाल किया गया है तो यह अस्वीकार्य है।



### सांप्रदायिक सद्भाव भी बिगड़ सकता हैः याचिकाकर्ता

याचिकाकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राजशेखर राव ने कहा कि वे एक भक्त के रूप में यहां आए हैं। प्रसाद में मिलावट के बारे में प्रेस में दिए गए बयान के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं और इससे सांप्रदायिक सद्भाव भी बिगड़ सकता है। ये चिंता का विषय हैं।

### आंध्र प्रदेश सरकार से पूछे तीखे सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार से पूछा कि प्रसाद के लड्डू बनाने में दूषित घी का इस्तेमाल किया गया था या नहीं? टीडीपी के वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कहा लोगों ने शिकायत की थी कि लड्डू का स्वाद ठीक नहीं था। इस बात का कोई सबूत नहीं है कि प्रसाद के लिए दूषित घी का इस्तेमाल किया गया था।

### वकील को फटकार

### ये कॉफी शॉप नहीं कोर्ट हैः सीजेआई

*सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने एक वकील को शब्दों के चयन को लेकर जमकर फटकार लगाई। वकील ने एक दलील के बाद अनौपचारिक हां 'ई...' का इस्तेमाल किया, जिस पर सीजेआई गुस्सा हो गए। उन्होंने कहा कि उन्हें इससे एलर्जी है। उन्होंने वकील को यह भी याद दिलाया कि वह कोर्ट रूम में हैं, न कि किसी कॉफी कैफे में।*

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)